चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 282, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 12 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 282, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 12 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दीपोत्सव से जगमग हुई अयोध्या..

## पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे प्रभु श्रीराम, माता सीता और भइया लक्ष्मण, सीएम योगी, राज्यपाल और डिप्टी सीएम ने किया भव्य स्वागत



### मुख्यमंत्री ने आरती कर किया प्रभु का वंदन-अभिनंदन, किया प्रतीकात्मक राजतिलक

**लखनऊ**

14 वर्ष वनवास के बाद भगवान राम, माता सीता और भइया लक्ष्मण पुष्पक विमान से अपनी अयोध्या लौट आए।

यहां भरत और शत्रुघ्न ने गले लगकर भाइयों का स्वागत किया। यह नयनाभिरामी दृश्य शनिवार को अयोध्या में जिसने भी देखा उसके नयन छलक उठे। सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पुष्पक विमान से उतरने के बाद भगवान राम, सीता और लक्ष्मण जी का स्वागत किया। वहीं हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। अपने राम को देख समूची अयोध्या प्रफुल्लित हो उठी।

**सीएम योगी ने खींचा प्रभु श्रीराम का रथ**

हेलीपैड से भगवान श्रीराम, माता जानकी, तीनों भाई, बजरंगबली एवं गुरु वशिष्ठ के साथ रथ पर सवार होकर रामकथा पार्क स्थित कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े। जिस रथ पर प्रभु अपनी भार्या और भइयों के साथ सवार थे, उसे स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक खींच रहे थे।

**प्रभु श्रीराम का किया प्रतीकात्मक राज्याभिषेक**

रामकथा पार्क पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री जयवीर सिंह, राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आरती उतारकर प्रभु श्रीराम, माता सीता, वीर लक्ष्मण, गुरु वशिष्ठ और बजरंगबली का वंदन अभिनंदन किया।

२वहीं इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक भी किया।

**साधु संतों का किया सम्मान, कॉफी टेबल बुक का हुआ विमोचन**

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पधारे साधु संतों का भी स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने महंत नृत्य गोपाल दास को शॉल ओढ़ाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त

### सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधेगा 'अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान'

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी कैबिनेट ने अयोध्या शोध संस्थान को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत इस संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या, रामायण और भारतीय वैदिक शोध संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से दुनिया को अयोध्या से और अयोध्या को दुनिया से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।



पूरी दुनिया में जहां भी रामायण या रामलीला का मंचन होता है, उन देशों को सांस्कृतिक एकता के सूत्र से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही इस कला से जुड़े लोगों को रोजगार के साधन भी उपलब्ध होंगे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि संस्कृति विभाग के अधीन 18 अगस्त 1986 से संचालित अयोध्या शोध संस्थान को अन्तरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करते

### लोगों को मिलेगा रोजगार: सीएम योगी



**सीएम** योगी ने मंच से कहा कि हजारों साल पहले भगवान राम अयोध्या आए और इस इतिहास को यादगार बनाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। उस वक्त कैसे भगवान राम यहां आए होंगे। संतों की इसमें अहम भूमिका रही। ये एक यूनिक कार्यक्रम बन रहा है। पीएम नरेंद्र मोदीने भी इसमें योगदान दिया। जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर का कार्यक्रम है।

केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही है। यहां निजी निवेश भी हो रहा है। जब यहां राम विराजमान होंगे। तो कई करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चालू होंगी। लोगों को रोजगार मिलेगा।

**सीएम योगी ने लवाया नारा**

भाषण के बीच सीएम योगी ने लोगों से नारा भी लगवाया। उन्होंने कहा कि सत्य सनातन धर्म की, जय हो। सीएम ने कहा कि राज्याभिषेक और दीपोत्सव कराने का मकसद अयोध्या के गौरव को याद दिलाना है। सीएम ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का धन्यवाद किया। सभी संतों और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बधाई दी।

### दिल्ली में फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली/समाचार क्यारी**

दिल्ली में शनिवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस हुए। झटके दोपहर तीन बजकर 36 मिनट पर महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई। झटके हल्के थे लेकिन इसके बावजूद लोगों दहशत के मारे घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र उत्तरी दिल्ली रहा। फिलहाल कहीं से किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। आमतौर पर लोग अपने-अपने घरों में दिवाली की तैयारी में जुटे हुए हैं, ऐसे में भूकंप ने कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल उत्पन्न कर दिया।

**क्यों आता है भूकंप?**

पृथ्वी के अंदर सात प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### दिल्ली के अस्पताल अलर्ट मोड पर

**नई दिल्ली**

दिवाली के त्योहार पर आतिशबाजी के दौरान पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के अस्पतालों में तैयारी की गई है। सफदरजंग अस्पताल में बर्न वार्ड के अलावा पटाखे से जलने वाले मरीजों को ध्यान में रखते हुए 20 बेड आरक्षित रखे गए हैं।

इसके अलावा दिवाली पर 24 घंटे सभी डॉक्टर और नर्स ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। किसी को भी इस दौरान छुट्टी नहीं दी गई है। दिवाली पर भी पूरी क्षमता के साथ अस्पताल में 24 घंटे सेवाएं चालू रहेंगी। इसके अलावा इमरजेंसी में चार काउंटर अलग से बनाए गए हैं, जिससे कि इमरजेंसी स्थिति में आने वाले मरीजों को भर्ती करने में परेशानी ना हो। इसके साथ ही दिल्ली सरकार के सबसे बड़े अस्पताल लोकनायक में भी 70 बेड का डिजास्टर वार्ड तैयार रखा गया है। वार्ड में जले हुए मरीज के इलाज के लिए सभी आवश्यक सामान की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी विभाग की उपाधीक्षक डॉक्टर ऋतु सक्सेना ने बताया कि रात के समय भी दिवाली पर इमरजेंसी में डॉक्टर और नर्स की मौजूदगी रहेगी। अस्पताल में पटाखे से जलने का कोई भी मामला आने पर मरीज को तुरंत उपचार दिया जाएगा।

### एनआईए ने बीकेआई में भर्ती और हथियारों की तस्करी मामले में पहला पूरक आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नई दिल्ली में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष पहला पूरक आरोप-पत्र दायर किया है। आरोपपत्र में नामित आरोपित अमृतपाल सिंह उर्फ अम्मी, अमरीक सिंह (फिलीपींस से निर्वासित), जस्सा सिंह और गगनदीप सिंह उर्फ मीठी का नाम शामिल है। यह आरोप पत्र शुक्रवार को दायर किया गया। आरोपितों ने अर्श डाला के इशारे पर एक बड़ी साजिश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (बीकेआई) लिए धन जुटाना था। इससे पहले एनआईए ने 22 जून, 2023 को इस मामले में 9 आरोपित व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। केटीएफ आतंकवादी संगठन के 12 अन्य सदस्य और बीकेआई और केटीएफ से जुड़े उनके सहयोगी इस आतंकी साजिश में उनकी भूमिका और भागीदारी के लिए जांच के दायरे में हैं। आरोप है कि कनाडा स्थित अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला ने आरोपित मनप्रीत सिंह उर्फ पीटा के साथ मिलकर अमृतपाल सिंह उर्फ अम्मी, अमरीक सिंह, जस्सा सिंह और गगनदीप सिंह उर्फ मीठी को अपने आतंकवादी गिरोह में शामिल किया था। अमृतपाल सिंह उर्फ अम्मी और अमरीक सिंह अर्श डाला के नेतृत्व वाले आतंकवादी गिरोह में युवाओं को शामिल करने में सक्रिय रूप से लगे हुए थे।

### फ्रांस के राष्ट्रपति ने की युद्धविराम की अपील, हमास की आलोचना करिए, हमारी नहीं: इजरायल



**तेल अवीव/**

**गाजा पट्टी** में इस्त्राइली हमले में अब तक 11 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और अब दुनियाभर से गाजा में युद्धविराम में मांग उठने लगी है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने भी गाजा में सीजफायर की अपील की है। हालांकि इस्त्राइल की सरकार रुकने के मूड में नहीं है। इस्त्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू साफ कर चुके हैं कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाएगा तब तक युद्धविराम नहीं होगा।

**बेंजामिन नेतन्याहू का दो टूक जवाब**

अब फ्रांसीसी राष्ट्रपति के युद्धविराम की अपील पर नेतन्याहू ने कहा है कि 'वैश्विक नेताओं को हमास की आलोचना करनी चाहिए, इस्त्राइल की नहीं। हमास ने आज जो इस्त्राइल के साथ किया कल वो पेरिस, न्यूयॉर्क या दुनिया में कहीं भी हो सकता है।' बता दें कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने एक इंटरव्यू के दौरान गाजा पट्टी में युद्धविराम की अपील की। हालांकि उन्होंने इस्त्राइल के खुद की रक्षा करने के अधिकार का भी बचाव किया। वहीं गाजा में अल शिफा अस्पताल पर हुए हमले के बाद इस्त्राइली सेना ने साफ किया है कि यह हमला हमास की गलती से हुआ। इस्त्राइली सेना ने कहा कि इस्त्राइली सैनिकों को निशाना बनाते हुए हमास ने रॉकेट हमला किया लेकिन रॉकेट लॉन्च असफल रहा और रॉकेट अस्पताल पर गिर गया, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई।

**गाजा के लोगों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहा हमास**

इस्त्राइली पीएम ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश गाजा के नागरिकों को बचाने के लिए सबकुछ कर रहा है लेकिन हमास लोगों को सुरक्षित जगह नहीं जाने दे रहा है।









# छोटी दिवाली पर भी हुई धनतेरस जैसी खरीदारी





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** धनतेरस के अगले दिन यानी छोटी दिवाली पर भी शनिवार को बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आया। लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा, दीयों और मोमबत्ती के खरीदारों की जबरदस्त भीड़ बाजार में देखने को मिली। लक्ष्मी-गणेश को घर में विराजमान करने के लिए दिवाली की पूर्व संध्या पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल का अनुमान है कि छोटी दिवाली पर संगमनगरी में तकरीबन 400 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। मार्केट में ईको-फ्रेंडली प्रतिमा की रही डिमांड छोटी दिवाली पर ईको-फ्रेंडली लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा की लोगों के बीच खूब मांग रही। दुकानदारों ने बताया कि बाजार में लखनऊ, कोलकात्ता एवं गुजरात के तमाम शहरों से मंगाई गई मूर्ति काफी पसंद की जा रही है। प्रतिमाओं पर प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किए जाने से इसकी फिनिशिंग अच्छी रहती है।शहर के तमाम मोहल्लों, बाजारों एवं कालोनियों में मूर्ति की दुकानों पर 50 रुपये से लेकर पांच हजार तक मूर्तियां लोगों ने खरीदी। डिजाइनर वस्त्रों के सजने से मां लक्ष्मी, गणेश भगवान की मूर्तियां भी लोगों ने पसंद की। आसन को सजाने के लिए गोटे, झालर, बनावटी फूल और पत्तियों की लड़ी भी लोगों ने खरीदी। लाई, लावा, चीनी से बने खिलौनों की भी लोगों ने भी खूब खरीदारी हुई।मिठाई संग ड्राई फ्रूट बाजार में हुई जमकर खरीदारीछोटी दिवाली के मौके पर मिठाई संग ड्राई फ्रूट बाजार में भी जमकर खरीदारी हुई। शहर की प्रमुख मिठाई की दुकानों में लड्डू, काजू कतली, छेने के आइटमों की खूब मांग रही। मोतीचूर के लड्डू, मेवे के लड्डू, खजूर लड्डू, बालूशाही आदि मिठाईयों की भी डिमांड रही। पर्व के मौके पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराने का प्रचलन है। इस वजह से लोगों ने गिफ्ट पैक भी जमकर खरीदे। चॉकलेट पैक भी लोगों ने पसंद किया। बड़े शोरूम और कुछ दुकानों में ब्रांडेड चिप्स, छेना रसगुल्ला आदि के भी गिफ्ट पैक लोगों ने खरीदे। इसी तरह काजू, पिस्ता, बादाम, किशमिश के पैक 350 रुपये से लेकर भार और आइटमों के अनुसार 2500 रुपये तक में बिके। भगवान दास प्रहलाद दास एंड संस के अंकित गुप्ता ने बताया कि मेवे की मिठाइयां इस बार लोगों ने ज्यादा खरीदी। अग्रवाल नमकीन एंड स्वीट्स के राजू अग्रवाल ने बताया कि मेवे के आकर्षक गिफ्ट पैक भी लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार खरीदे।

# बदमाशों ने धारदार हथियार से गंभीर घायल कर संविदा कर्मी को लूटा

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावा में बदमाशों ने रोड़वेज संविदा कर्मी के गले पर धारदार हथियार से प्रहार कर नगदी समेत बाइक लूट कर फरार हो गए। खून से लथपथ संविदा कर्मी को सड़क पर तड़पते देख राहगीरों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। जानकारी होने पर परिजनों ने गंभीररूप से घायल हुए व्यक्ति को स्वरुपरानी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। तहरीर देने पर सरायइनायत पुलिस ने घटनास्थल झूंसी क्षेत्र का बता कर पल्ला झाड़ लिया है। हरिशंकर यादव पुत्र उर्फ मुन्ना (40) राम सूरत यादव निवासी ईनामीपुर अंदावा रोडवेज में संविदा चालक के पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार रात 8:30 बजे अंदावा स्थित एक पेट्रोल पंप से बाइक में तेल भराकर हरिशंकर अंदावा विसर्जन तालाब वाली सड़क से रहिमापुर अस्पताल में भर्ती भतीजे अंकित को देखने जा रहा थे। तालाब के समीप अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हरिशंकर के गले पर वार कर दिया। गले पर गहरा जख्म होते ही हरिशंकर तड़पते हुए सड़क पर गिर पड़े। बदमाशों ने हरिशंकर की जेब में रखे रुपए तथा बाइक लूट कर फरार हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने खून से सने हरिशंकर को तड़पते हुए देखा तो 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। इस बीच सूचना पाकर परिजन भी पहुंच गए। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल हरिशंकर को स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया। हरिशंकर के छोटे भाई शुभम यादव ने बताया कि सरायइनायत थाने में तहरीर दी है किंतु पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही किया है। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि हलका दारोगा मौके पर ग ?ए थे। लूट जैसी घटना नही है। जुएं में मारपीट के दौरान यह घटना हुई है। घटनास्थल झूंसी क्षेत्र का है, इसलिए रिपोर्ट दर्ज नही की गई।

**गंभीर अवस्था में संविदा कर्मी को एसआरएन में कराया गया भर्ती, सरायइनायत पुलिस ने घटना स्थल झूंसी क्षेत्र का बताकर पल्ला झाड़ा**



# मुख्यमंत्री स्मार्ट फोन का सदुपयोग करें विद्यार्थी : रमेश चंद्र मिश्र विधायक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत पंडित रमाकांत शुक्ल डिग्री कॉलेज शुकुलपुर, गिर्दकोट, धनूपुर प्रांगण में शनिवार को बीए, बीएससी तृतीय वर्ष के 400 छात्र, छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया स्मार्ट फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए।मुख्य अतिथि विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री स्मार्टफोन टैबलेट योजना चलाई है क्योंकि छात्र ही देश के भविष्य हैं इसी बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने छात्रों को डिजिटल जागरूक करने के लिए स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण योजना का शुभारंभ किया है जिससे छात्र एवं छात्राएं तकनीकी रूप से सशक्त हो सकें और शिक्षा जगत में आगे बढ़ कर परिवार समाज एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करें।विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ केएनपीजी कॉलेज ज्ञानपुर डॉ अजय शुक्ला ने कहा कि सरकार की स्मार्टफोन एवं टेबलेट योजना का बच्चे सदुपयोग करें और तकनीकी रूप से स्वयं को मजबूत करें स्मार्टफोन के माध्यम से विद्यार्थियों को पठन-पाठन में सहयोग मिलेगा स्मार्टफोन के माध्यम से बच्चे इंटरनेट के माध्यम से अपनी पढ़ाई में सहयोग ले सकते हैं।विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख धनूपुर ज्योति यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को डिजिटल युग से जोड़ने की जो पहल की है वह बेहद सराहनीय है इसका सदुपयोग करके बच्चे स्वयं को तकनीकी रूप से मजबूत करें।महाविद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र कुमार शुक्ल एवं कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट योगेश शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ श्याम सिंह तोमर, उप प्राचार्य उमेश गौड़ ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके स्वागत किया।इस अवसर पर रामकृष्ण त्रिपाठी महराज, हौंसिला प्रसाद पाठक भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, लैश बहादुर सिंह पूर्व प्रमुख, हृदय नारायण शुक्ल पूर्व प्रधानाचार्य, सुरेश शुक्ल पूर्व प्रधान, रजनीश शुक्ल प्रधान, बंटी तिवारी प्रधान, सौरभ तिवारी प्रधान, चंद्रकांत पांडेय प्रधान, राजितराम बिंद प्रधान, राजेश बिंद प्रधान, राजीव दुबे मटरु प्रधान बालकृष्ण तिवारी, अशोक तिवारी, अवध कुमार यादव, चंद्रशेखर भारतीया, राजेश मिश्र, सालिक राम द्विवेदी, कमलेश सिंह, विजय बहादुर सिंह, भानू जायसवाल, अवधेश सिंह, अखिलेश सिंह, सभाजीत दुबे, कपूर मिश्र, गंगाधर गर्ग शुक्ल, शिवम् तिवारी, रिंकू सिंह, धर्मेंद्र शुक्ल मंत्री, अमरेश पहलवान, राघवेंद्र शुक्ल, पुष्पेंद्र शुक्ल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## प्रकाश उत्सव पर जलाए खुशियों के दीप, पटाखों से रहे दूर

**सहसों।** सहसों बाईपास स्थित हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पटाखों से निकलने वाले प्रदूषण के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉक्टर अमित यादव ने कहा कि तेज आवाज वाले पटाखों से दूर रहकर सुरक्षित दीपावली मनाएं। उन्होंने कहा खुशियों का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मिट्टी के दिए जलाकर मनाए। तथा लोगों से अपील की कि पटाखों से प्रदूषण तथा हानि रहित गैस वायुमंडल को प्रदूषित कर देती है। जिससे हम स्वस्थ प्राण वायु नहीं ले पाते। जिसके कारण हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। खुशियों के त्योहार दीपावली पर हृदय रोगी, स्वांस तथा संक्रमण रोगी इनसे दूर रहें। उन्होंने कहा तेज आवाज तथा तेज रोशनी व्यक्ति के लिए बहुत हानि कारक है। यदि सावधानी से पटाखे न छुड़ाया जाए तो लोगों की आंख व श्रवण शक्ति भी जा सकती है। डॉ अमित ने कहा रासायनिक मिश्रण से बने पटाखे वायुमंडल के साथ हमारे स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालते हैं। इसलिए अधिक से अधिक मिट्टी के दीपक जलाएं तथा खुशियों के त्योहार को रंगीन बनाएं। इस अवसर पर लोगों को दीपावली के दिन तथा उसके पश्चात मास्क का प्रयोग करने की सलाह दी। ताकि प्रदूषित हवा हमारे शरीर में प्रवेश न करे और हम स्वस्थ सुरक्षित रहें। इस अवसर पर डॉ दिलीप, डॉक्टर राजेश पांडे, रामचंद्र, राजेश यादव, नीरज पांडे, राकेश यादव, हरिश्चंद्र आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पटाखा दुकानों के साथ जुआड़ीयो के अड्डे पर पुलिस ने मारी छापा, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** प्रशासन बिना लाइसेंस पटाखे बेचने पर कार्यवाही की लगातार चेतावनी दे रहा है, लेकिन अभी तक मांडा क्षेत्र के किसी भी गांव या भारतगंज कस्बे के किसी भी पटाखा व्यवसायी को अस्थायी लाइसेंस नहीं मिल पाया है। पहले दीपावली पर अस्थायी पटाखा लाइसेंस एसडीएम कार्यालय बनाता था। वही कमिश्नरेट व्यवस्था होने के बाद अब पटाखों के लिए एसीपी मेजा के कार्यालय से लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था की गयी है। लाइसेंस के लिए स्थानीय थाना व फायर ब्रिगेड कार्यालय मेजा की रिपोर्ट आवश्यक होती है। मांडा क्षेत्र के भारतगंज, मांडा खास, चिलबिला ,दिघिया, गिरधरपुर, हाटा,खवास का तारा, सुरवा दलापुर आदि बाजारों में अस्थायी लाइसेंस के लिए कुल 11 दुकानदारों ने प्रार्थना पत्र दिया है। शुक्रवार को भारतगंज कस्बे व मांडा खास के आधा दर्जन पटाखा व्यवसायी मांडा थाने में अपने लाइसेंस के लिए रिपोर्ट लगवाने के लिए डेरा जमाये रहे। थाने से रिपोर्ट लगने के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारी स्थलीय निरीक्षण और बाजारों के भीड़ भाड़ से दूर खुले मैदान में पूरी तैयारी के साथ पटाखे बेचने का शपथपत्र लेकर जब अपनी आख्या एसीपी कार्यालय मेजा को देंगे, तब उनको अस्थायी लाइसेंस मिल पाएगा। शनिवार को एक भी मांडा एसआई शहवाज खां ने अपने दल बल से मांडा क्षेत्र के विभिन्न दुकानों के साथ जुआडियो के अड्डे पर दिन भर छापे मारने से लोगों में हड़कंप मचा रहा। मांडा एसआई शहवाज खां ने बताया कि यह कार्यवाही दीपावली त्यौहार के बाद भी चलती रहेंगी।और क्षेत्र में अराजकता व अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए पुलिस पैनी नजर रखी हुई है। साथ ही गावों में भ्रमण कर अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति ध्यान करने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों को पटाखा से दूर रखें। पुलिसिया कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# अमन सिंह यादव ने पोलवाट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**

**अंतरराष्ट्रीय पोलवाट प्रशिक्षक घनश्याम यादव को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल खेलमंत्री सहित देश के दिग्गज हस्तियों ने किया है सम्मानित**



**मऊआइमा।** मंजिलें उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंख से कुछ नहीं होता हौसले से उड़ान होती है। कुछ इन्हीं जज्बों को सार्थक करने में जुटे अमन ने पोलवाट के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक घनश्याम के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए पोलवाट प्रतियोगिता में 4.50 मीटर ऊंची छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। मऊआइमा विकास खंड के सहबाजपुर गांव निवासी पृथ्वीपाल यादव के पुत्र की जिन्होंने देश में नई मिसाल कायम कर भारत के गौरव को बढ़ाया। पिता की सच्ची लगन, व माता उमिला देवी की सच्ची प्रेरणा से कोच घनश्याम यादव के मार्गदर्शन में 38 वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप में 7 नम्बर से 10 को तमिलनाडु राज्य के नेहरू स्टेडियम गुटुर शहर में आयोजित प्रतियोगिता में अमन सिंह यादव ने गोल्ड मेडल जीत कर प्रयागराज जिले का गौरव बढ़ाया । भोपाल स्थित तात्या तात्या टोपे स्टेडियम टीटी नगर में कोच घनश्याम के मार्गदर्शन में अमन प्रशिक्षण ले रहा है। खिलाड़ी से कोच बने घनश्याम यादव को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, केन्द्रीय खेल मंत्री सहित देश की तमाम हस्तियों ने किया है सम्मानित। अमन सिंह यादव की इस उपलब्धि पर संसद केसरी देवी पटेल, एम एल सी सुरेन्द्र चौधरी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तिहान शमी ,एम एल सी निर्मला पासवान, प्रधान संघ अध्यक्ष तीरथ यादव जिला पंचायत सदस्य हिंदू अभिषेक यादव सहित दर्जनों जन प्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# महोरी रीवा में कूड़ा घर की प्रस्तावित सरकारी भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत महोरी रीवा में सरकारी प्रस्तावित नवीन परती भूमि पर कूड़ा घर बनाए जाने वाले स्थल पर गांव के कुछ दबंग लोगों ने छप्पर डाल कर कब्जा कर लिया है जिससे सरकारी कार्य बाधित हो गया है ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल ने उप जिला अधिकारी करछना को दबंगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं सरकारी भूमि को मुक्त कराए जाने की शिकायत दर्ज कराई है शिकायती पत्र में प्रधान ने गांव वालों में सहदेव ,महादेव, विजय कुमार, रणविजय, निर्देश पटेल ,हेमंत पटेल ,आधा दर्जन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई प्रधान का आरोप है कि ग्राम पंचायत महोरी रीवा में गाटा संख्या 912 जो की नवीन परती के नाम से दर्ज है जिस पर वहां पर ग्राम पंचायत का कूड़ा घर बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था रकबा नंबर 0903 जो नाली चक मार्ग को राजस्व टीम द्वारा चिन्हित कराकर कूड़ा घर बनाए जाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है प्रधान ने कूड़ाघाट स्थल पर अवैध कब्जे पर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है जिस पर उप जिलाधिकारी करछना ने राजस्व विभाग एवं पुलिस बल को निर्देशित कर सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाने का निर्देश दिया है।

## न्यूज झरोखा

### श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण करना जरूरीः डॉ भगवत पांडेय



**करछना।** क्षेत्र के तरौल में आयोजित दशहरा उत्सव में आकर्षक सजावट और भव्य झांकियों से गुलजार हुआ।इस दौरान मंच पर पहुंचे चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने अपनी हास्य कविताओं से दर्शकों को जी भर गुदगुदाते हुए खूब समा बांधी।दरोगा भौजी और मोलई के बियाह जैसी कविताओं पर श्रोताओं ने जमकर ठहाके लगाये। रामलीला कमेटी और दशहरा उत्सव आयोजन समिति द्वारा हास्य कवि को मंचपर सम्मानित करते हुए अध्यक्ष,संयोजक भाजपा करछना मण्डल के उपाध्यक्ष शरद मिश्र रीशू ने इस परम्परा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।दिन ढलते ही आकर्षक सजावट के बीच लोगों की भारी भीड़ से गुलजार रहा मेला देर रात तक चला। जहां तरह-तरह की दूकानों पर पहुंच कर लोगों ने लाई ,गट्टे,गुड़जलेबी,मिठाई,झाड़ू, चलनी,घरेलू सामान और दीपावली के मद्देनजर जरुरत वाली चीजों की खूब खरीददारी किया तो वहीं बच्चों ने भी बांसुरी,गुब्बारे और झूले का लुत्फ उठाया। इस दौरान मंच पर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति,जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय,कल्लू मिश्रा ने भगवान राम के आदर्श और मर्यादित जीवन का अपने अपने लोकजीवन में अनुसरण करते हेतु दर्शकों को प्रेरणा लेने की बात कही और आरती किया। संचालन गोरेलाल ने किया।इस मौके पर गोविंद द्विवेदी, छोटे लाल मिश्रा, विद्याग्यान मिश्र, केके कुशवाहा कुलदीप मिश्र, बबलू, अर्जुन ठाकुर, राममोहन प्रजापति, सुरजीत, विकास, नीरज, पंकज विनय, मनीराम द्विवेदी, रमेश, नन्दलाल, बृजेश जगमाल भारतीया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### नगर के मुसहर बस्ती में अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बांटी मिठाईयां




**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज कस्बे में गुजर बसर कर रहे मुसहर बस्ती में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कस्बे के दलित, गरीब, शोषित वर्ग को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर भाई शकील टंकी ने संस्कृत जन सेवा ट्रस्ट द्वारा दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर घर- घर मिठाइयां बांटी। और दीपावली के दिन लाई, गट्टे, खिलौने, मोमबत्ती, दियली आदि खाद्य सामग्री वितरित करेंगे। ऐसे जन सेवा कार्य की सराहना हर कोई के जबान पर रहा।प्रतिनिधि के जन कल्याण की चर्चा क्षेत्र में फैली रही ।

### लक्ष्मण शक्ति राम लीला मंचन में जुटी भीड़

**करछना।** नवयुवक रामलीला समिति भडेवरा गांव में चल रही दस दिवसीय रामलीला मंचन के दौरान नौवें दिन शुक्रवार की रात्रि में लक्ष्मण शक्ति की रामलीला में कलाकारों ने खूब समा बांधा । बादरी सेना के साथ लंका पर आक्रमण के दौरान लड़ाई के मैदान में आमने- सामने आए लक्ष्मण और मेघनाथ का संवाद सराहनीय रहा । व्यास कमला शंकर शुक्ल द्वारा प्रस्तुत चौपाई वीर घातिनी छाड़ेसि सांगी । तेज पुंज लक्ष्मणऊर लागी। के साथ ही मेघनाथ द्वारा छोडी गयी वीर घातिनी शक्ति के लगते ही लक्ष्मण मूर्छित हो कर गिर पड़े । उधर हनुमान जी सुषेन वैद्य द्वारा बताई गई संजीवनी बूटी को लेने नीलगिरी पर्वत की ओर गए । किंतु सही पहचान नहीं कर पाए तो पर्वत खंड उखाड़कर आकाश मार्ग से रणभूमि की ओर लौटे । वे जैसे ही उड़कर अयोध्या नगरी के ऊपर पहुंचे ही थे कि भरत ने कोई मायावी राक्षस समझ कर बाण छोड़ दिया। बाण लगते ही हनुमान धरा शाही हो गए। इस दौरान भरत और हनुमान के मार्मिक संवाद को सुनकर सभी दर्शकों की आंखें नम हो गयी । और सभी भावुक हो उठे । इसके पूर्व अंगद व रावण संवाद जामवंत द्वारा बताई गई नीति के साथ साथ सुग्रीव एवं अन्य पात्रों के अभिनय को सराहा गया । राम यस मिश्र, लक्ष्मण रामकृष्ण मिश्र, रावण प्रज्ञाभ मिश्र सोनू, मेघनाथ सुनील कुमार शुक्ल, हनुमान अधिवक्ता सुशील कुमार ओझा की ओर से रोमांचक अभिनय किया गया। समिति के संरक्षक विजय कुमार मिश्र, अध्यक्ष लल्लू राम तिवारी, उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र, प्रबंधक अशोक कुमार मिश्र, उप प्रबंधक राजमणि विश्वकर्मा, निर्देशक देव प्रभाकर मिश्र, उपनिदेशक सुनील कुमार शुक्ल रहे।

# भव्य श्रृंगार कर मनाई गई हनुमान जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र में सिंगरामऊ, सहसों बाजार व रामनाथ पट्टी स्थित घरों एवं हनुमान मंदिर में पुजारी व भक्तों द्वारा हनुमान जी का भव्य फूल मालाओं से श्रृंगार कर आराधना पूजा व आरती उतारी गई। सहसों स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर आचार्य दिनेश चन्द्र शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्र से हनुमान जी की पूजा पाठ करवाया गया तत्पश्चात आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर आचार्य ने कहा कि कलयुग में हनुमान जी की स्तुति एवं आराधना पूजा करने से कष्ट निवारण के साथ परिवार में सुख समृद्धि आती है। उन्होंने कहा हनुमान जी की आराधना के साथ नित्य हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ सभी सनातनी के लिए बहुत ही कल्याणकारी है। इस मौके पर भक्त दिलीप केसरवानी, दिनेश केसरवानी, सूरज केसरवानी, जयेश केसरवानी, आदि लोगों ने ध्वजा पताका चढ़ाकर हनुमान जी की स्तुति कर आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार सिंगरामऊ में विनोद मिश्रा के यहां हनुमान जी की पूजा पाठ के पश्चात भक्तो द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर भव्य आरती एवं प्रसाद का वितरण हुआ। इसी क्रम में रामनाथ पट्टी स्थित हनुमान मंदिर में पुजारी शीतला प्रसाद पांडे व्यास द्वारा हनुमान जी की फूल मालाओं से श्रृंगार आरती एवं भोग लगाकर लोक मंगल की कामना की।

# एसएनटी में जयहिंद बोलने का दिलाया गया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**



**हनुमानगंज।** सोनी रामनाथपुर स्थित एसएनटी पब्लिक स्कूल में धनतेरस एवं दीपावली के पूर्व संध्या पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पीजी से लेकर कक्षा तीन तक के छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली, आकर्षक दीपोत्सव, माँ दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति, राम की महिमा पर मार्मिक गायन, अयोध्या में श्रीराम का राज्याभिषेक का प्रहसन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राएं कृतिका त्रिपाठी, अक्षिता पाण्डेय, काव्या सिंह, सगुन केसरवानी, पलक केसरवानी, रीचा सिंह, आयुषी, कृति पाण्डेय, आराध्या मिश्रा, अथर्व यादव, प्रसिद्ध पाठक, अक्षत बाजपेयी, अंश सिंह, अंश केसरवानी, वेद विश्वकर्मा, रूद्र प्रताप, अंश कुमार, फरहान अली, वेद सिंह, प्रणव त्रिपाठी, राघव बाजपेयी सुनैना शर्मा, श्रद्धा सिंह, माही केसरवानी, करन सिंह, उमेश गुप्ता, सौरभ यादव तथा दीप मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिंस मिश्रा, सुमित सिंह, अथर्व सिंह, गार्गी त्रिपाठी, मिनी यादव, अरिशा सिद्दीकी, प्रांजली सोनी को पुरस्कृत गया। प्राचार्या प्रियंका शुक्ला एवं प्रधानाचार्य आशीष विश्वकर्मा, प्रबंधक डॉ. रेखा शुक्ला, एक्टिविटी इंचार्ज लकी त्रिपाठी, अंकिता सिंह की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन ने समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं को आंग्ल भाषा में अभिवादन के प्रथा को समाप्त करते हुए अब जयहिंद बोलकर अभिवादन करने का संकल्प दिलाया।

## मामूली बात को लेकर मार पीट कर किया घायल मुकदमा दर्ज

मऊआइमा । मामूली बात को लेकर दबंगो ने एक यूवक को मार पीट कर जख्मी कर दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला पूरे मियां जी निवासी नावेद अख्तर पुत्र अमीन उद्दीन का आरोप है कि वह कपड़ों की कटिंग और सिलाई का काम करता है। आरोप है कि कतिपय दबंग लोग एक जुट हो कर उसे मार पीट कर जख्मी कर दिए।तथा जान से मारने की धमकी दिए। नावेद अख्तर ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर हमजा,समरा,तालिब निवासीगण मोहल्ला आजमपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।





# शार्ट सर्किट से डिस्पोजल की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जला, सदमे में कारोबारी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बहादुरगंज पुलिस चौकी के पास शनिवार को डिस्पोजल की दुकान में आग लग गई। अत्यधिक भीड़ वाले इलाके में आग लगने से अफरातफरी मची रही। मुहल्ले के लोग आग बुझाने में जुटे रहे। सूचना पाकर दमकलकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर बुला ली गईं।दोपहर 11.30 बजे तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर हैं। दो का पानी खत्म हो गया है। तीसरी आग बुझाने में जुटी है। सदमे से दुकान के स्वामी विनोद केसरवानी की अस्पताल में मौत हो गई।कोतवाली इलाके के बहादुरगंज पुलिस चौकी के पास विनोद केसरवानी की अजय ट्रेडर्स के नाम से डिस्पोजल की बड़ी दुकान है। यह दुकान काफी पुरानी है और सड़क से करीब 85 फीट अंदर तक गोदाम बनाया गया है। दुकान पर विनोद के दो बेटे राजू और अनूप केसरी हैं। अनूप इसी दुकान में माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। पत्नी और बच्चे कल ही रात में शहर के कटरा स्थित मायके चले गए थे। अनूप अपने माता-पिता के साथ दुकान में थे कि सुबह दस बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक लोग समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों को भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों को सकुशल बाहर निकालने का प्रयास किया जाना लगा, लेकिन विनोद केसरवानी घर से बाहर आने के लिए तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि उन्होंने खून पसीने से दुकान को खड़ा किया है वह इसी में जलकर मर जाएंगे, लेकिन बाहर नहीं निकलेंगे। किसी तरह उनको बाहर निकाला गया। सदमे के चलते अर्धअचेतावस्था में उन्हें और उनकी पत्नी को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ देर बाद विनोद केसरवानी की मौत हो गई। उनका बड़ा लड़का शहर के ही बलुआ घाट पर परिवार के साथ रहता है। आग लगने से लाखों रुपये के डिस्पोजल क्वालिटी के दोना, पत्तल, गिलास, चम्मच, कटोरी समेत आदि सामान नष्ट हो गए। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुचीं हैं। दो का पानी खत्म हो गया और तीसरी से आग बुझाया जा रहा है।तीन मंजिले मकान में आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर पर लगी। बताशा मंडी में घनी आबादी के बीच यह मकान है, जिसमें ऊपर दूसरे तल पर परिवार रहता था, जबकि नीचे के तल पर और तीसरे तल पर दोना पत्तल का गोदाम बनाया गया था। आग तेजी से फैलने का यही कारण भी माना जा रहा है क्योंकि भारी मात्रा में दोना पत्तल स्टोर कर-के रखा गया था।

### व्यापारी विनोद केसरवानी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए मेयर

बहादुरगंज दोना-पत्तल, डिस्पोजल व्यवसायी विनोद केसरवानी निवासी की दुकान एवं घर में आग लगने की घटना की खबर सुनते ही शहर के तमाम कारोबारी एवं अन्य संगठन से जुड़े लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। इस हादसे में व्यापारी विनोद केसरवानी की मौत का समाचार सुनने के बाद मेयर गणेश केसरवानी अपने कार्यक्रम निरस्त कर दोपहर में दारागंज पहुंच गए। वहां व्यापारी विनोद केसरवानी की अंतिम यात्रा में वह शामिल हुए। मेयर ने मृतक व्यापारी के परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह व्यापारी के परिजनों के साथ हैं। उधर व्यापारी को अंतिम विदाई देने के लिए तमाम नेता एवं पदाधिकारी और व्यापारी आदि दारागंज घाट पहुंचे। संवेदना व्यक्त करने वालों में उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष तीर्थराज केसरवानी ,महामंत्री नेता प्रमिल केसरवानी, सतीश चंद्र केसरवानी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के संरक्षक शिवकुमार वैश्य, भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, भाजपा चौक मंडल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, राजन शुक्ला, पार्षद नीरज गुप्ता, व्यापारी नेता संतोष अग्रहरि, समाजसेवी अभिलाष केसरवानी, सुमित केसरवानी, सचिन गुप्ता आदि शामिल रहे।

# राधास्वामी सत्संग भवन को गिराने का आदेश रद्द

**हाईकोर्ट ने कहा- नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का पालन करें तहसीलदार**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा के दयालबाग स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन ध्वस्तीकरण मामले में तहसीलदार के आदेश को रद्द कर दिया है।और नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन कर नए सिरे से पक्ष सुनकर आदेश पारित करने की छूट दी है।यह आदेश जस्टिस मनीष कुमार निगम ने राधा स्वामी सत्संग सभा की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद गत 16 अक्टूबर को निर्णय सुरक्षित कर लिया था। याचिका में कहा गया था कि याची को सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया जबकि नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय मांगा गया था लेकिन 24 सितंबर को ही शाम चार बजे तक जवाब दाखिल करने का मौका दिया गया। यह भी कहा गया था कि तहसीलदार ने आदेश करते समय याची की आपत्तियों पर विचार नहीं किया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। इस कारण कार्यवाही की गई। याची का कहना था कि प्रशासन जिस जमीन को जबरन खाली कर रहा है, वह सत्संग सभा के नाम से ही है। प्रशासन ने मनमाने तरीके से न सिर्फ बुल्डोजर चलाया, बल्कि सत्संगियों पर लाठीचार्ज भी किया। याचिका के साथ 1935 सेसिर्फ बुल्डोजर चलाया, बल्कि सत्संगियों पर लाठीचार्ज भी किया। याचिका के साथ 1935 से 2012 तक हुए सभी एग्रीमेंट, लीज डीड व आदेशों की कॉपी भी लगाई गई थी। इसके साथ 19 सितंबर 2023 को तहसीलदार के नोटिस का जबाब व संबंधित भूखंडों के राजस्व रिकॉर्ड भी याचिका में संलग्न किए गए। सरकार की ओर से भी खसरा खतौनी के अलावा अन्य राजस्व रिकॉर्ड और दो दर्जन से ज्यादा पेजों का जवाब के अलावा पुलिस के साथ हुई मारपीट के फोटोग्राफ लगाए गए थे।गौरतलब है कि आगरा के दयालबाग में जमीन खाली कराने के दौरान हिंसा हुई थी। सत्संगियों की ओर से पथराव किया गया था जबकि पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। लाठीचार्ज में लगभग 50 सत्संगी घायल हुए। साथ ही पथराव में कई पुलिस वालों को भी चोटें आई थीं।

### बाइक सवार को बचाने के चक्कर में विद्युत पोल से टकराई कार, मचा हाड़कंप

**मेजा।** मेजारोड पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत विसहिजन कला गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे विद्युत पोल से जा टकराई, एक्सीडेंट की घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। प्रयागराज से मिजार्पुर राजमार्ग पर कार सवार दिलीप तिवारी निवासी छविनाथपुर थाना जिगना जिला मिजार्पुर अपने परिजन प्रिया तिवारी, प्रियांशु तिवारी, दिया तिवारी, सार्थक शुक्ला व सुनीता शुक्ला के साथ जा रहे थे जैसे ही कार सवार विसहिजन कला गांव के समीप पहुंची ही थी कि अचानक बाइक सवार जनवारी पुत्र रामचंद्र (45) निवासी गोदाई थाना करछना कार के सामने आ गया बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे विद्युत पोल से जा टकराई। दुर्घटना में कार सवार बाल-बाल बच गए, एक्सीडेंट में बाइक सवार के सिर में गंभीर चोटे आई। सूचना पर मेजारोड चौकी के उप निरीक्षक इश्तियाक अहमद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायल बाइक सवार को हॉस्पिटल भिजवाते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया। एक्सीडेंट की घटना से राजमार्ग पर हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# 5001 दीपों से जगमगाया बाल बैडमिंटन ग्राउंड, हैंड बाल ग्राउंड



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ प्रयागराज के तत्वाधान से अभिमन्यु शाखा पार्क नैनी प्रयागराज में 5001 दीप से खेल मैदान को सजाकर दिवाली का शुभं पर्व व पूजन को संपन्न किया गया। जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज व उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ के महासचिव कौशल कुमार दीक्षित द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा कई वर्षों से दिवाली की एक दिन पूर्व दीप उत्सव का त्योहार खेल मैदान पर मनाया जाता है जिसमें समस्त राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रतिभाग करते हैं कौशल कुमार दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज के कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर प्रयागराज का नाम रोशन किए हैं ,वही बॉल बैडमिंटन में वैभव दीक्षित वह हैंडबॉल के तेजस्विनी सिंह, सृष्टि अगरवाल समेत कई। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है। दिवाली के पर्व के उपलक्ष में समस्त जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज व बाल बैडमिंटन संघ प्रयागराज के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे। संस्था की उन्नति हेतु सभी ने कामना की उक्त अवसर पर जिला हैंडबॉल संग के पदाधिकारी बी एन दीक्षित, योगराज मिश्रा, अतुल सिंह, राम बहादुर सिंह, दीपक सिंह, राजकुमार सिंह ,संकेत मिश्रा, आदि लोग उपस्थित थे।

### रोशनी से जगमगा उठा नॉर्दन फुटबॉल अकादमी का ग्राउंड खिलाड़ियों ने की ट्रैक पूजा




**प्रयागराज।** दीपावली के अवसर पर नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की झलवा शाखा (विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के फुटबॉल मैदान) में दिवाली ग्राउंड (मैदान) पूजा का आयोजन किया गया। अकादमी की मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार मैदान पूजा में गणेश लक्ष्मी जी की पूजा एवं फुटबॉल मैदान पर 1540 मोमबत्तियों से मैदान को सजाया गया। नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की स्थापना जनवरी 2015 में हुई और तब से अब तक प्रत्येक वर्ष अकादमी के खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकगण दिवाली पर मैदान पूजा करते आ रहे हैं।

**सभी पुराने खिलाड़ी भी रहे मौजूद :** कार्यक्रम में विष्णु भगवन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव,अकादमी के मितेश गुप्ता, शिवम् सरोज, हर्षित ओझा, इवान सिंह, धैर्य सिंह, कुमार अंश, आदित्य, आदर्श, प्रतीक,ऋषभ, श्रेयांस, निशांत, सक्षम, प्रखर, रुद्र, रूद्राक्ष, वैभव, हर्ष, स्वस्तिक शिवेंद्र, श्रेष्ठ समेत सभी प्रशिक्षु उनके अभिभावक, पूर्व उत्तर प्रदेश टीम से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल चुके सुशील कुमार, सुनील निगम, पिंकी घोष, नित्या घोष आदि खिलाड़ी उपस्थित रहे। झूंसी शाखा में 10 नवंबर को पूजा हुई। दीपावली के शुभ अवसर पर विष्णु भगवन पब्लिक स्कूल के निदेशक अभिषेक तिवारी ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# प्रयागराज के कोतवाल कहे जाने वाले बंधवा में लेटे हुए हनुमान जी का भव्य श्रृंगार आरती हुई

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई प्रयागराज के कोतवाल कहे जाने वाले बंधवा में लेटे हुए हनुमान जी संकट मोचन का भव्य श्रृंगार आरती हुई धूमधाम से हनुमान जयंती पर संगमनगरी के बंधवा लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में शनिवार को भव्य श्रृंगार और आरती का आयोजन किया गया। महंत बलबीर गिरि ने मंदिर में हनुमान जी की भव्य पूजा अर्चना की। मंदिर में तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हनुमान जयंती पर शहर के गमम मंदिरों में पूजा अर्चना और भव्य श्रृंगार का आयोजन किया गया। इस मौके पर बंधवा स्थित लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में सुबह से ही आयोजन की तैयारी की गयी। शनिवार शाम को महंत बलबीर गिरि ने भव्य श्रृंगार के बाद पूजा आरती की। भगवान को 56 प्रकार का भोग लगाया गया। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड व अन्य संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। इसी तरह से सिविल लाइंस के बड़े हनुमानजी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जहां विशेष पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया, दारागंज इलाके में विशेष जुलूस या 'शोभा यात्रा' निकाली गई, जिसमें भक्त विभिन्न सड़कों से गुजरे और भजन गाए।



# मैराथन में दिखेगा सेना के धावकों का दमखम, करा रहे पंजीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** 38वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन की तैयारियां युद्ध स्तर पर हो रही हैं। खेल विभाग सेना, पुलिस, रेले, एजी ऑफिस समेत अन्य विभाग के दिग्गज धावकों को मैराथन में आमंत्रित कर चुकी है। इसमें से कई विभाग के धावकों ने अपना पंजीकरण भी करा लिया है। इन सभी धावकों का 16 से 18 नवंबर तक प्रयागराज में आगमन हो जाएगा। इस बार की मैराथन में सेना के धावकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। अबतक सेना के करीब 25 धावकों ने अपना पंजीकरण करा लिया है। पंजीकरण कराने वालों में आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे और 111 वाहिनी कुमाऊं के धावक शामिल हैं। पंजीकरण कराने वाले धावकों में पिछले बार पुरुष वर्ग में तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रयागराज के अनिल कुमार सिंह, प्रदीप चौधरी, चीनू, मुख्तार, जसवंत जैसेबड़े धावक शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग में प्राची राजू और आरती पाटिल ने भी मैराथन में हिस्सा लेने की बात कही है। महिला वर्ग में छह बार लगातर पहला स्थान प्राप्त कर चुकी ज्योति शंकर के भी आने की उम्मीद जताई जा रही है। ज्योति पिछले मैराथन में तीसरे स्थान पर रही थी। देश की सर्वश्रेष्ठ मैराथन में शामिल इंदिरा मैराथन में सेना, रेलवे, एजी आफिस के दिग्गज धावक शामिल होते रहे हैं। इस बार भी इनकी भागीदारी अधिक होने की उम्मीद जताई जा रही है। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विमला सिंह का कहना है कि सेना व अन्य विभागों के धावक प्रतिदिन कड़ाई से अभ्यास करते हैं और देश के विभिन्न मैराथन में हिस्सा लेते हैं। इस वजह से सबसे अधिक विजेता इन्हीं विभागों के धावक बनते हैं। हालांकि विभाग के धावकों से इतर आम धावक भी कई बार इन सभी को पछाड़ कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त करता है। हर खेल की तरह इसमें भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है, तभी जीत हासिल होती है।




# भाजपाइयों ने मेजा कताई मिल गेट पर किया दीपदान

**मेजा।** भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने उत्तर प्रदेश कताई मिल मजदूर संघ के मजदूरों संग तहसील के निकट मेजा कताई मिल के मुख्य द्वार पर मेजा कताई मिल परिसर भविष्य में उद्योगों से प्रकाशित होऱ इस उम्मीद के साथ दिवाली की पूर्व संध्या पर दीप जलाया। इस अवसर श्री शुक्ल ने कहा कि आज हम सब लोग दिवाली की पूर्व संध्या पर इस परिसर के मुख्य द्वार पर एक उम्मीद के साथ दीप जलाने के लिए एकत्रित हुए हैं। मुझे पूर्ण विश्वास और भरोसा है कि देश की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के प्रयास से इस परिसर में उद्योगों से जगमग होगा। इस अवसर पर मजदूर सिंह के अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ल, मंत्री रामप्रताप पांडेय, हरीमोहन पांडेय, सूर्यमणि यादव, शेषमणि शुक्ल, रामबहादुर यादव, नेब्बुलाल शुक्ल,पन्नालाल शुक्ल, शिवनाथ गुप्ता, शिवचंद यादव, ब्रह्मचारी, श्रीनाथ कुशवाहा, कड़ेनाथ पांडेय, अशोक मिश्र, सुरेंद्र गौतम, छोटे लाल पटेल, दयाशंकर, राजेश्वरी प्रसाद सहित सैकड़ों मजदूर मौजूद रहे।



# उद्योग नगर में पटाखे की दुकान का एसपीओ टीम ने सूची तैयार की

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में उद्योग नगर में लगे पटाखे की दुकानों का एसपीओ टीम ने किया सर्वेक्षण सूची बनाकर एसीपी महोदय को सौंपा। विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के सदस्य दीपावली पर सक्रिय होकर एसीपी करछना महोदय के आदेश पर उधोग नगर में जितने भी पटाखे की दुकान लगाए गए हैं उन सब का सर्वेक्षण किया तथा एक रिपोर्ट बनाकर एसीपी करछना महोदय को सौप दिया गया। आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर एसपीओ टीम की ड्यूटी लगाई गई जिसमें सभी एसपीओ पदाधिकारी सदस्यगण मौके पर पहुंचकर जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली के नेतृत्व में अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे। इस दौरान प्रभारी अभयराज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविंद्र सिंह,रामजी जायसवाल, प्रदीप कुमार, तौसीफ खान, रमेश केसरवानी, शुभम प्रजापति,आरिफ,अश्वनी शर्मा, दिनेश केसरवानी, सोनू भारतीया, दिनेश कुमार सोनकर, प्रदीप कुमार सुशील शर्मा, अरविंद कुमार,राजू साहनी, नौसाद अहमद,विवेक पाल आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# ट्रेनों और बसों में बढ़ी भीड़, दिल्ली से प्रयागराज को चली अतिरिक्त बसें

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** दिवाली पर प्रयागराज आने वाली ट्रेनों में शुक्रवार को इस सीजन की सर्वाधिक भीड़ ट्रेनों में उमड़ी। दिल्ली से प्रयागराज की ओर आने वाली तमाम ट्रेनें यात्रियों से पूरी तरह ठसाठस रहीं। प्रयागराज से भी दिवाली, छठ पूजा मनाने के लिए लोगों की भीड़ ट्रेनों और बसों से रवाना हुई। इसमें यहां रहने वाले विभिन्न जिलों के हजारों प्रतियोगी छात्र भी शामिल रहे। शनिवार को भी ट्रेनों और बसों में यात्रियों की भीड़ उमड़ना तय है।शनिवार और रविवार का अवकाश होने की वजह से अधिकांश लोगों ने शुक्रवार को ही यात्रा करने का दिन चुना। दिल्ली से प्रयागराज आने वाली ट्रेनों की बात करें तो अधिकांश में नो रूम रहा। अगर मुंबई रूट की भी ट्रेनों को जोड़ लिया जाए तो 36 ट्रेनों में नो रूम रहा। रविवार को दिल्ली से प्रयागराज पहुंचीं दीक्षा मालवीय ने बताया कि उनका ब्रह्मपुत्र मेल में पुरानी दिल्ली से प्रयागराज के लिए रिजर्वेशन था। एसी थ्री कोच में भी काफी संख्या में प्रतीक्षा सूची वाले लोग आ गए। इस वजह से बहुत से लोगों को अपनी कंफर्म बर्थ प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के साथ साझा करनी पड़ी।प्रयागराज एक्सप्रेस, रीवा एक्सप्रेस, शिवगंगा एक्सप्रेस आदि ट्रेनों के जनरल कोच का हाल खराब रहा। तमाम लोग रातभर दरवाजे के पायदान पर बैठकर ट्रेन से पहुंचे। यहां से जाने वाली ट्रेनों में भी कुछ में यात्री शौचालय से लेकर दरवाजे तक लटक कर यात्रा करते दिखे।वहीं, रोडवेज बसों में भी यात्रियों की खूब भीड़ उमड़ी। गोरखपुर, अयोध्या रूट पर यात्री ज्यादा रहे। उधर रोडवेज ने दिल्ली से प्रयागराज के लिए एक दर्जन से ज्यादा बसों का संचालन किया। इसी तरह प्रयागराज से लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। वहीं, मुंबई, बंगलूरू से आने वाले विमान का किराया शुक्रवार को 23 हजार तक पहुंच गया।

## विकास योजनाओं को लेकर बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक

**मेजा।** खंड विकास अधिकारी मेजा सरिता सिंह ने विकास योजनाओं को लेकर शुक्रवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर विशेष फोकस रहा।उन्होंने सहायक विकास अधिकारी(समाज कल्याण) सुशांतु पांडेय को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानों के माध्यम से कन्या विवाह के लिए प्रत्येक गांव से 5- 5 जोड़े के आवेदन करने को कहा।बीडीओ ने बाल सेवा योजना के अंतर्गत अनाथ हुए बच्चों के लिए योजनाओं का लाभ देने, वृद्धा,विधवा और दिव्यांग को फेमिली आईडी से जोड़ने पर बाल दिया।इसके अलाव किसानों को गौशाला के तहत पशु पालने,खेल मैदान और शासन द्वारा निर्गत अन्य विकास योजनों पर विस्तार से समीक्षा की गई।श्रीमती सिंह ने खास तौर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर जोर देते हुए समय से आवेदन करने पर बाल दिया।

# तीन माह के लिए निरस्त होंगी आठ ट्रेने

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अलर्ट मोड में आ गया है। कोहरे का हवाला देते हुए रेलवे ने आठ ट्रेनों को तीन माह के लिए निरस्त कर दिया है। दिसंबर से फरवरी तक कई और भी ट्रेनों को निरस्त किए जाने की तैयारी है। कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त किया जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे ने उन ट्रेनों की समय सारिणी भी जारी कर दिया है जिन्हें निरस्त किया गया है।प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस को चार दिसंबर से 28 फरवरी तक के लिए निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह नई दिल्ली-सोगरिया एक्सप्रेस, वीरांगना लक्ष्मीबाईझांसी-कोलकाता एक्सप्रेस और चित्रकूट धाम-कानपुर सेंट्रल ट्रेन को दोनों तरफ से फरवरी तक के लिए निरस्त किया गया है। इसी तरह आठ दैनिक ट्रेनों के फेरे कम किए गए हैं।

**दिसंबर से फरवरी तक कोहरे का हवाला देकर निरस्त की गई**

### आखिर किस लिए है एंटी फाग डिवाइस

कोहरे के बीच ट्रेनों का संचालन आसानी से हो सके इसके लिए रेलवे की ओर से विशेष तैयारी किए जाने के दावे किए जाते हैं। ट्रेनों में एंटी फाग डिवाइस लगावाए जाते हैं ताकि कोहरे का प्रभाव इन ट्रेनों पर न पड़े। इसके बावजूद कोहरा शुरू होने के पहले ही रेलवे ने ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर लाखों रुपये एंटी फाग डिवाइस के लिए खर्च करने की जरूरत है।

# ब्लाक कालाकांकर के क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक में एक करोड़ की योजना स्वीकृत

## योजनाओ के सर्वगणींय विकास मे धन की कोई कमी नही होगी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकांकर के सभागार कक्ष में शुक्रवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई जिसमे ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्यतिथि के रूप मे आये बाबागज विधायक बिनोद सरोज को भेट किया। ब्लाक कालाकांकर मे 71 क्षेत्र पंचायत सदस्य मे 26 महिलाये प्रतिनिधि व ग्राम प्रधान 58 मे 24 महिला ग्राम प्रधान है प्रदेश सरकार ने बैठक में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य महिलाओ को उपस्थिति रहने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया था जिससे महिलाओ को सशक्त नारी बनाया जा सके।



सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद बाबागंज विधायक विनोद सरोज।

बैठक में राज्य वित्त/15 वां वित्त की कार्य योजना स्वच्छ शौचालय, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह,पेयजल, सिचाई, प्रधानमंत्री एव मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, एसआरएल्एम प्राथमिक शिक्षा,कृषि कार्यक्रम सहित अन्य कार्य योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से गांव मे कार्य कराये जाने के लिए प्रस्ताव मांग गये। मुख्य अतिथि के रूप मे आये बाबागज बिधायक बिनोद सरोज ने कहा कि गाव की सर्वगणीय विकास के लिए हर तीन माह मे ब्लाक मे बैठक की जाएगी जिससे विकास कार्य जनप्रतिनिधि व गाव की जनता जान सके। मुख्य अतिथि ने कहा कि गाव मे विकास के लिए पैसे की कोई कमी नही है।खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किया और बताया कि विभिन्न योजनाओं के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की स्वीकृति हुई है जो गांव का काया कल्प बदल सकती है यदि पंचायत प्रतिनिधि लोग अपना कार्य समझकर कार्य करे। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी आई एस बी कालाकांकर ब्यास कुमार मौर्य ने किया और आये हुए मुख्य अतिथि के साथ ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रति आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला,खंड शिक्षा अधिकारी कालाकांकर सियाराम, योगेश कुमार, सत्यनारायन, मंदीप कुमार, पन्नालाल, शिव प्रकाश, दीपक कुमार,शिव बहादुर (मनरेगा), ग्राम पंचायत अधिकारी रविशंकर सोनकर, आफताब अहमद, प्रभांशु पांडे, अनुराग यादव, कु0 ज्योति यादव, शशिकांत सिंह, आर पी यादव, सुशील कुर्मा जायसवाल, उर्मिला, अभिषेक शुक्ला, श्रीराम, मुन्नालाल, बड़े बाबू लिपिक, ग्राम प्रधान युवराज साहू, सुरेश कुमार यादव, डा सतपाल वर्मा, शरद श्रीवास्तव, सियाराम मौर्य, पप्पू चुडिहार, दिलीप कुमार, मोनू, ब्रजेश यादव, विकास सोनकर, डा0 मनोज कुमार पटेल, अजय कुमार, गेंदलाल पटेल, प्रदीप गुप्ता संतोष कुमार यादव, बब्लू यादव, जोखू यादव, रामप्यारे, जीतलाल, राकेश सरोज, अमित कुमार, अनिल कुमार मौर्य, प्रमोद साहू, कुलदीप जायसवाल, राजकुमार, मनोज कुमार त्रिपाठी, मालती देबी, सुनीता देबी, गुड़िया देबी, श्यामावती, रामखेलावन पटेल, गीता देबी, मीरा देबी, उर्मिला संगीता यादव, बबिता मौर्य, रीता देबी, मंजूषा सहित समस्त स्टॉफ के साथ पंचायत प्रतिनिधि लोग मौजूद रहे।

## अन्तर्जनपदीय दंगल प्रतियोगिता में सलमान व आमिर बने संयुक्त विजेता, बांटे गए पुरस्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के असांव गांव में चौंतीसवां अन्तरजनपदीय दंगल प्रतियोगिता एवं परम्परागत मेले का आयोजन हुआ। दंगल प्रतियोगिता में आए पहलवानों के दांव पेंच देख दर्शक रोमांचित हो उठे दिखे। सेमीफाइनल मुकाबले में मनई का पुरवा के सलमान ने झूंसी के कौशलेश को पटखनी दी।

फाइनल मुकाबला आमिर व सलमान के बीच हुआ। दोनों पहलवानों के विभिन्न दांव पेंचों के बीच मुकाबला बराबरी पर ही रहा। दंगल में निर्णायक की भूमिका आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश मिश्र राजा ने तथा संचालन बाबूलाल पांडेय ने किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश मिश्र को मेला दंगल कमेटी की ओर से अंगवस्त्राम, श्रीफल व अभिनंदन पत्र भेंट कर सारस्वत सम्मान किया गया। एडिशन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मनोज तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। बराबरी पर रहे दोनों पहलवानों को कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। उधर परम्परागत मेले में लोगों ने चाट चाउमिन व चोटहिया जलेबी का भरपूर आनन्द भी उठाया। इस मौके पर प्रधान उदयराज वर्मा, पूर्व प्रधान रामआसरे, आनन्द प्रताप त्रिपाठी, लालजी मिश्र, डॉ. विद्याभूषण मिश्र, छोटू तिवारी, प्रधान विमलेश सिंह, विवेक मिश्र, दिलीप तिवारी, सौरभ शुक्ला, राधाकान्त मिश्र, मयंक मिश्र, श्रेयांश मिश्र आदि मौजूद रहे।

# हादीहाल के बगल मोटर गैरेज कार्यशाला का नपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

## नगर पालिका की गाड़ियों की धुलाई, मरम्मत व खड़ी होने का बना स्थान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में तुलसी सदन (हादीहाल) के बगल नगर पालिका की खाली पड़ी जमीन में मोटर गैरेज की कार्यशाला का उद्घाटन विधि विधान से पूजन करने के बाद शिलापट्ट का पर्दा हटाकर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व पूर्व अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने किया।



कार्यशाला का उद्घाटन करते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के अलावा अधिकांश सभासद व सभी कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर हरिप्रताप सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में 50 मोटर गाड़ियों की धुलाई, मरम्मत के अलावा गाड़ी खड़ी होने का उचित स्थान है। इससे अब खराब गाड़ियों की मरम्मत में समय बर्बाद नहीं होगा। इस कार्यशाला के उद्घाटन के बाद हादीहाल के सभागार में नगर पालिका के सभी कर्मचारी को दीपावली की मिठाई का उपहार दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कर्मचारियों के मेहनत की सराहना करते हुए अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि ड्यूटी के दौरान वह वर्दी जरुर पहनें। इस अवसर पर सभासद धर्मशील शुक्ला, गायत्री शुक्ला, आशुतोष, रवीन्द्र केसरवानी, राकेश पटेल आदि मौजूद रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स पट्टी व खो-खो में जयपुरिया स्कूल रहा विजयी

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में स्पोट्स-2023 का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजित दो दिवसीय इण्टर स्कूल स्पोर्ट्स 2023 का क्वाटर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच 10 नवम्बर को खेला गया। पहला कबड्डी क्वाटर फाइनल (बालक) में रॉयल हायर सेकेण्ड्री स्कूल और बी.डी.एस.के स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें बी.डी.एस.के स्कूल ने जीत हासिल की। दूसरा क्वाटर फाइनल संगम इन्टरनेशनल स्कूल और सेंट जेवियर चिलबिला के मध्य खैला गया। संगम इण्टरनेशनल स्कूल विजयी रहा। तीसरा क्वाटर फाइनल सेंट जेवियर




ट्राफी के साथ विजयी टीम के खिलाड़ी के साथ स्कूल की चेयरपर्सन व अतिथि।

पट्टी और न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें सेंट जेवियर पट्टी विजयी रहा। चैथा क्वाटर फाइनल बी.बी.एस स्कूल और ब्रास स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें बी.बी.एस स्कूल विजयी रहा।

पहला कबड्डी सेमीफाइनल बी डी एस के स्कूल और सेंट जेवियर स्कूल चिलबिला के मध्य खेला गया। जिसमें सेंट जेवियर्स स्कूल चिलबिला ने जीत हासिल की। दूसरा सेमी फाइनल बी.बी.एस.स्कूल और सेंट जेवियर स्कूल पट्टी के मध्य खेला गया जिसमें सेंट जेवियर स्कूल पट्टी विजयी रहा। फाइनल मैच सेंट जेवियर स्कूल पट्टी और सेंट जेवियर्स स्कूल चिलबिला के मध्य खेला गया, जिसमें सेंट जेवियर्स स्कूल पट्टी ने विजय प्राप्त की। खो खो(बालिका)प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल आमीर मेमोरियल पबलिक स्कूल और संगम इण्टरनेशनल स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें संगम इण्टरनेशनल स्कूल विजयी रहा। दूसरा सेमी फाइनल बी.डी.एस.के स्कूल और सेठ एम.आर.जयपुरिया स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल ने विजय प्राप्त की। खो खो बालिका फाइनल मैच संगम इण्टरनेशनल स्कूल और सेठ एम.आर.जयपुरिया स्कूल के मध्य खेला गया और संगम इण्टरनेशनल स्कूल की खो खो टीम ने विजय प्राप्त की। विनर और रनर टीमों को मुख्य अतिथि डॉ आर के सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ दयाराम मौर्य रत्न के द्वारा पुरस्कृत किया गया और उनके द्वारा सभी बच्चों को विजयी होने की बधाई देते हुएं हमेंशा आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया गया। डॉ शाहिदा, चेयर परसन द्वारा डॉ दयाराम मौर्य, डॉ आर के सिंह, आनन्द मोहन ओझा को तथा अम्पायर्स राजकुमार सिंह लाल जी तिवारी और विमल कुमार को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया और बच्चों तथा उनके कोचेज और न्यू एन्जिल्स के स्पोर्ट्स टीचर विवेक ओझा और समस्त सहयोगी आर के सिंह, आर के मिश्रा, अभिनव, सचिन, सुनील, राहुल, अभिषेक प्रवीन, शिवेन्द्र, अमित, अभिनव आदि को बधाई और शुभकामनाएं दी जिनके सहयोग से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रधानाचार्य बी.के.सोनी ने बच्चो को अगले साल फिर स्पोर्ट्स मीट में आने के लिये प्रेरित किया

# जिलाधिकारी ने दीपावली पर्व पर जनपदवासियों को दी शुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनायें देते हुये उनके स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं खुशहाल भविष्य की कामना किया है। उन्होने दीपों के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर मनाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि वह पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पटाखों का कम से कम प्रयोग करें, पटाखे जलाते समय बच्चों के साथ बड़े अवश्य रहें, कम आवाज वाले पटाखे ही जलाएं ताकि आस-पास कहीं प्रदूषण न फैले, खासकर चिकित्सालयों, बीमार व्यक्तियों के आस-पास पटाखे जलाने से परहेज करें। उन्होने यह भी अपील किया है कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये जरूरी है कि ग्रीन पटाखें जलाये जाये। पटाखों के कारण होने वाले वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य समस्या की सम्भावनायें बनी रहती है, वायु प्रदूषण से बच्चों, बुजुर्गो और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

# दीपावली पर शहीदों के नाम एक दीप जलाने का लें संकल्पः श्याम लाल विश्वकर्मा

## विश्वकर्मा मंदिर मानिकपुर में आयोजित हुआ एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर के सिद्धपीठ मां ज्वाला मुखी देवी धाम स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर धनतेरस पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार की शाम विश्वकर्मा समाज द्वारा एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहीदों के प्रति लोगों की भावना को जोड़ने के लिए मंदिर परिसर में 1151 दीप जलाए गए।

इस दौरान भारत माता की जयकारे से मंदिर परिसर गूंजता रहा। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने दीप जलाने के साथ ही देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। एक साथ हजारों दीप से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा।

आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी श्याम लाल विश्वकर्मा ने आम आवाम से शहीदों के नाम एक दीप जलाकर उन्हें नमन करने की अपील करते हुए कहा कि वीर सैनिकों की बदौलत ही हम अमन और चैन के साथ दीपावली मनाते हैं, देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों के नाम एक दीप जलाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर पूरा देश भारतीय सेना के जवानों के लिए दीपावली पर्व पर एक दीप जला कर दुआएं करेगा तो सीमा पर जवानों की रक्षा ईश्वर जरूर करेंगे। मंदिर अध्यक्ष राम लखन विश्वकर्मा ने कहा कि देश के सजग प्रहरियों के चलते ही हमारे आत्म सम्मान की रक्षा होती है। देश की सुरक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को ऐसे अवसरों पर जरुर याद करना चाहिए। इसलिए दीपावली पर्व पर सभी लोग निश्चित रूप से एक दीप शहीदों के नाम जलाएं उन्होंने कहा कि दीपावली में शहीदों के नाम दीप जलाकर हम उनके परिवार को संबल प्रदान कर सकते हैं। इसके पूर्व पंडित जगदेव प्रसाद ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन कराया। इस मौके पर बड़कू विश्वकर्मा, छेदी लाल विश्वकर्मा, फूलचंद विश्वकर्मा, सुनील दत्त विश्वकर्मा, कुलदीप कुमार, स्वास्तिक विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा प्रधान, सौरभ विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, मिश्री लाल विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चिंतामणि स्मारक विधि महाविद्यालय में छात्रों को किया गया जागरुक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जिला जज के आदेश के क्रम एवं अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के निदेर्शानुसार आज विधिक सेवा दिवस के अवसर पर चिंतामणि स्मारक विधि महाविद्यालय गोंडे, प्रतापगढ़ में शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा रैली, विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



चिंतामणि स्मारक विधि महाविद्यालय के छात्रों द्वारा निकाली गई रैली।

इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरि शंकर सिंह ने युवाओं को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 के अंतर्गत निशुल्क विधिक सहायता से सम्बंधित प्रावधानों के बारे में जानकारी दिया। छात्र-छात्राओं ने भी निषुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में रैली निकाली। सभी के प्रति आभार महाविद्यालय के प्राचार्या डा0 नीलम चतुवेर्दी ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. हरिशंकर सिंह, रवि पाण्डेय, अनिल उपाध्याय, अनिल वर्मा, विनोद कनौजिया, आदित्य दूबे, कुलदीप दूबे, लोकेश श्रीवास्तव, धीरज पाण्डेय, दिवाकर मिश्रा, अशोक कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# खाद्य सचल दल ने 11 प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण, नमूने किये एकत्रित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी आदेश के अनुपालन में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व पर मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाईयाँ, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल एवं वनस्पति घी, रंगीन मीठे, खिलौनें अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोक थाम हेतु प्रभारी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु भण्डार/विक्रय को प्रतिबन्धित करने, आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 11 खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजी।

खाद्य सचल दल द्वारा स्टेशन रोड़ स्थित राजस्थान स्वीट्स से छेना की मिठाई व मिल्क केक के कुल दो नमूनें, कचेहरी रोड़ स्थित वी-मार्ट से नवरतन मिक्सचर, गुलाब जामुन व सोन पापड़ी के कुल तीन नमूनें, कटरा मेदनीगंज स्थित आदर्श नमकीन निर्माण इकाई से बेसन व नमकीन के दो नमूनें एवं लगभग 150 किलो ग्राम नमकीन कीमत रुपए 16500 जब्त की गयी। डेरवा बाजार कुण्ड़ा स्थित विपिन की दुकान से बेसन का एक नमूना एवं शाहनवाज की दुकान से सब्जी मसाला का एक नमूना तथा संग्रामगढ कुण्डा स्थित मोल्हू स्वीट्स (प्रो0 रवीन्द्र कुमार) से लड्डू का एक नमूना एवं शारदा स्वीट हाउस एण्ड बेकर्स हाउस से खोया का एक नमूना बाजार से संग्रहित किये गये। खाद्य सचल दल में संजय कुमार तिवारी, जनार्दन सिंह, संतोष कुमार दुबे, अंजनी कुमार मिश्र, विवेक कुमार तिवारी, ऋचा पाण्डेय खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 11000 दीपों से जगमगाएगा रामगंज का रामजानकी कुंड

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक तरफ जहां दीपावली के अवसर पर सरकार अयोध्या को सजाने संवारने के लिए पहल कर चुकी है वहीं स्थानीय स्तर पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। पट्टी तहसील क्षेत्र के रामगंज में स्थित राम जानकी कुंड इस दीपावली पर 11000 दीपों से जगमगाएगा रामगंज चैकी इंचार्ज लक्ष्मीकांत सेंगर ने इसके लिए पहल किया है। इसके लिए प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिम भी शाम को पांच बजे पहुंच कर कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां पर हजारों लोग मौजूद रहेंगे।

## टब में गर्म पानी से झुलसी मासूम बच्ची की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**लालगंज प्रतापगढ़।** घर के भीतर खेल रही मासूम बच्ची खेलने के दौरान गर्म पानी से भरे टब से टकरा गयी। टब का गर्म पानी बच्ची के ऊपर गिरने से इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार निवासी मोनू वैश्य की पत्नी शिवानी शनिवार की सुबह अपनी दो वर्षीय मासूम बच्ची मिष्टी को नहलाने के लिए पानी गर्म कर टब में रखी थी। इस दौरान वह घर में साफ सफाई के काम में लग गयी। इस बीच वहां खेल रही मिष्टी अचानक गर्म पानी से भरे टब से टकरा गयी। इस दौरान टब का गर्म पानी बच्ची के ऊपर गिर गया। हादसे में झुलसी बच्ची को परिजन इलाज के लिए रायबरेली ले गए। जहां अपरान्ह उपचार के दौरान उसकी सांसे थम गयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# दीवाली को बताया असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है दीपावलीः प्रमोद तिवारी

## शिक्षाविद पूर्व विधायक रामअंजोर मिश्र को जयंती की पूर्व संध्या पर दी गयी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** स्थानीय कस्बा स्थित रामअंजोर मिश्र इंटर कालेज में शनिवार की शाम संस्थापक व पूर्व विधायक पं. रामअंजोर मिश्र की जयंती के पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पूर्व विधायक रामअंजोर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शिक्षा व सामाज के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक पं. रामअंजोर मिश्र ने शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई है उसमें क्षेत्र के गरीब व निर्धन परिवार के लोग पढ़कर समाज में नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल ने किया। डॉ. सौरभ



पूर्व विधायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी

मिश्र ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इससे पहले कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कैंप कार्यालय पर पहुंचकर लोगों को दीवाली की बधाई दी। उन्होने कहा कि अधर्म पर धर्म की और असत्य पर सत्य की विजय के प्रति के रूप में मनाया जाने वाले प्रकाश पुंजों का यह पर्व सदैव सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र, पूर्व शिक्षक विशालमूर्ति मिश्र, राकेश तिवारी, छोटेलाल सरोज, इं. सुनील पांडेय, बृजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## कब्जा दखल होने से रोक रहे हैं दबंग, पीड़ित ने की शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी में समाधान दिवस के अवसर पर कब्जा दखल न होने पर एक व्यक्ति ने इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर गांव के रहने वाले शिवनारायण पांडे ने बताया कि उसकी संक्रमणीय भूमि पर उसके पड़ोस में रहने वाले तीन लोग जबरन उसे कब्जा दाखिल होने से रोक रहे हैं जबकि उक्त जमीन पर वह काफी दिनों से काबिज है आरोपीगण पीड़ित को जान से मारने की धमकी तथा दबंगई के बल पर परेशान करते रहते हैं पीड़ित ने इस संदर्भ में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# कौशाम्बी संदेश

## शराब के लिए नही दिए रुपए तो पत्नी को कूकर से पीट पीट कर उतार दिया मौत के घाट

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** जिले के मोहब्ब्त पुर पइंसा थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह शराबी पति ने शराब के लिए रुपए नही मिलने पर अपनी गृह लक्ष्मी पत्नी की कूकर से पीट-पीटकर हत्या कर दी घटना के बाद वह मौके से फरार हो गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनाक्रम के मुताबिक मोहब्बतपुर पैंसा थाना क्षेत्र के कुड़ावी गांव के मिठाई लाल पटेल का बेटा पताली पटेल जो शराब पीने का आदी है,प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह भी शराब पीने के लिए उसने पत्नी मीना देवी (32) से पैसों की मांग की लेकिन पत्नी ने पैसे न होने की बात कह कर इंकार कर दिया। जिससे क्रोधित पति उसे गाली गलौच करने लगा तमतमाए पति ने पास में रखे 5 लीटर के कुकर को उठाकर लगातार कई वार पत्नी के सिर पर कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिरकर तडपने लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद मौके से आरोपी शराबी घर से फरार हो गया। मृतका मीना देवी का मायका कोखराज के परसखी गांव में है, मीना की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी, इस दौरान उसके दो पुत्र एवं एक पुत्री है। घटना के बाद पति सहित घर के सभी सदस्य मौके से फरार हो गए है। परिजनों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मोहब्बतपुर पइंसा थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस ने पहुचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों की तहरीर पर पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चुनावी रंजिश में दबंग ने भाजपा सभासद को दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**कौशाम्बी।** जिले में नगर पालिका चुनाव को लेकर चल रही रंजिश के चलते गांव के दबंग ने नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 07 के सभासद को जान से मारने की धमकी दी है,दबंग युवक ने सभासद को पुलिस से शिकायत करने पर जेल से छूटने पर फिर मारने की धमकी दी है,पीड़ित ने इसकी शिकायत कोखराज थाना पुलिस से की है ,पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 07 राम नगर का है जहा के सभासद वीरेंद्र गौतम ने कोखराज थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके गांव के सुरेश पुत्र रामेश्वर और उसके बड़े बेटे उससे चुनाव के दौरान से रंजिश रखते है और आए दिन रास्ते में ही गाली गलौच करते है और विवाद करने का प्रयास करते रहते है। शुक्रवार को भी उन लोगो ने उसके साथ गाली गलौच किया और जान से मारने की धमकी भी दी इसकी शिकायत सभासद ने कोखराज पुलिस से की है, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी।

## दबंगों ने महिलाओं बच्चों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडे से पीटा आधा दर्जन से अधिक लहूलुहान

**अखंड भारत संदेश**

### छोटी दिवाली की सुबह घर के बाहर सफाई करने दबंग हुए आक्रोशित



**महगाव कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलकरनपुर के मजरा तेलियांन के पूरा में छोटी दीपावली की सुबह-सुबह महिलाओं बच्चों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से दर्जनों दबंगों ने पीटा है काफी देर तक घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा लाठी डंडा कुल्हाड़ी से लैस दर्जनों दबंगों ने ललकार कर महिलाओं बच्चों पर हमला बोल दिया जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक महिलाओं बच्चों समेत आधा दर्जन लोग लहू लुहान हो गए मौके पर चीख पुकार मच गई हो हल्ला सुनकर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई इस हमले में महिलाओ बच्चों समेत लगभग आठ लोगों को गंभीर चोटे आई हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना विधवा सविता देवी ने थाना पुलिस को दिया है खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस ने कठोर कार्यवाही नहीं किया है घटनाक्रम के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलकरनपुर के मजरा तेलियन के पूरा में छोटी दिवाली शनिवार के दिन सुबह बीरबल की विधवा पत्नी सविता देवी झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर रही थी इसी बीच पड़ोस की मनीषा देवी पत्नी जवाहरलाल ने साफ सफाई का विरोध किया देखते देखते मनीषा देवी के पक्ष से सुनीता रोहित सुभाष मनजीत हीरालाल शिव सुंदर शिव तीर्थ पप्पू बृजेश राम निहोरे मुन्नीलाल लाल जी नितिन आदि लोग लाठी डंडा कुल्हाड़ी लेकर मौके पर एकत्रित हो गए दर्जनों दबंगों ने विधवा महिला सविता देवी को गाली गलौज देना शुरू कर दिया हो हल्ला सुन के गांव के तमाम लोग मौके पर एकत्रित हो गए महिला के परिवार के लोग भी बाहर निकल आए लाठी डंडा कुल्हाड़ी से लैस मनीषा देवी के पक्ष के दर्जनों दबंगों ने सविता देवी के पक्ष के लोगों पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया है मौके पर चीख पुकार मच गई लोग बचाव के लिए इधर-उधर भागते रहे लेकिन दबंग दौड़ा दौड़ा कर लाठी डंडे से पीट रहे थे काफी देर बाद आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग तो ललकारते हुए दबंग मौके से चले गए हैं इस हमले में किशन लाल वीरेंद्र कुमार राधिका मानसी नीलम सविता जितेंद्र किशन रममनी सहित कई लोग लहूलुहान हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर थाना पुलिस पहुंची है पीड़ित विधवा महिला सविता देवी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है लेकिन खबर लिखे जाने तक आरोपियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हो सकी है हमले का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें पीड़ितों के चीख पुकार की आवाज साफ सुनाई दे रही है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पिता की डांट से रूठ गई बेटी फंदे से झूलकर दे दी जान

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में पिता की डांट से नाराज एक किशोरी ने फांसी के फंदे से झूलकर अपनी जान दे दी। किशोरी को फंदे से लटकता देख परिजनो ने आनन फानन उसे नीचे उतार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कटरी गांव के मजरा सतनपुर के राधेश्याम निषाद किसान है, राधेश्याम की 17 वर्षीय बेटी रूबी हाई स्कूल की छात्रा थी, शुक्रवार की सुबह परिवार के लोग जब खाना पीना कर रहे थे। तभी किसी काम के लिए राधेश्याम ने बेटी को पुकारा, लेकिन बातों में मशगूल रही बेटी ने पिता की बातों का ध्यान नहीं दिया। पता चला कि वह मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इसी बात को लेकर पिता ने बेटी को फटकार लगा दी। डांट से छुब्ध किशोरी ने अपने को कमरे में बंद कर लिया। परिजनों ने कुछ देर बाद देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रही थी। आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतारा गया और इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पश्चिम शरीरा धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद पुलिस पहुंची और युवती को इलाज के लिए अस्पताल ले गई, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है, घटना की जांच की जा रही है।

### युवक को मारपीट कर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में महज मामूली विवाद पर नशे में धुत युवक को उसी के रिश्तेदारों परिजनों ने लाठी,डंडे और कुल्हाड़ी से वारकर मौत के घाट उतार दिया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुटी हुई थी,पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के चाचा,उसके बेटे और उसके साढू को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के तरना गांव के निवासी मस्ताना उम्र 30 वर्ष पुत्र लालमन को उसी के चाचा के लड़के छेदू पुत्र दूधनाथ के द्वारा नशे की हालात में कुल्हाड़ी व डंडे से मारा है, जिनको इलाज हेतु एसआरएन प्रयागराज ले जाया गया है। इलाज के दौरान मस्ताना की मौत हो गई। मृतक के पिता की शिकायत पर मृतक के चाचा दूधनाथ, चाचा के लड़के छेद्दू एवं साढू ज्ञानचंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज. कर पुलिस ने जांच की और आरोपी दूधनाथ ,छेदू और साढू ज्ञानचंद को आला कत्ल लाठी/कुल्हाड़ी के साथ गांव के बाहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ कर रही है।

## धूम धाम से मनाया गया कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम में हनुमान जयंती

### हनुमान सेना के साथ निकाली गई शोभा यात्रा




**अखंड भारत संदेश**

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** ऐतिहासिक नगरी कौशाम्बी खास स्थिति ऐतिहासिक प्राचीन कौशांबेश्वर संकट मोचन हनुमान मंदिर जोटका तालाब कौशाम्बी में बाबा बुद्धनदास की अध्यक्षता में भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के सहयोग से मनाया गया वहां स्थिति संकट मोचन हनुमान जी को विधि विधान से भक्तो ने पूजा पाठ करने के बाद वानर सेना के साथ शोभा यात्रा निकला गया शोभा यात्रा कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम से कौशाम्बी थाना स्थिति हनुमान मंदिर उसके बाद गढ़वा स्थित बड़े हनुमान जी पहुंच कर पूजा अर्चना कर पुनः आश्रम में यात्रा का समापन किया गया यात्रा के बाद महाप्रसाद भंडारा का वितरण किया गया कार्यक्रम के आयोजक सक्षम युवा विकास फाउंडेशन कौशाम्बी के अध्यक्ष कृष्णकुमार उर्फ राजू केशरवानी, उपाध्यक्ष रोहित मिश्र, कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि, पंडित चंद्रकांत पाण्डेय, पंडित सोनू दुबे, अंकित केशरवानी, अंकुर केशरवानी, अमरेंद्र कुमार, अदित्य श्रीवास्तव, अरविंद पाण्डेय सुभम दुबे, क्षेत्रीय भक्तों के साथ महिलाएं बच्चे बूढ़े सहित युवा भारी संख्या में हनुमान भक्त मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### एडीजी प्रयागराज जोन ने वृद्धाश्रम में निराश्रित बुजुर्गों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां



**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय पहुंचे प्रयागराज जोन एडीजी भानु भास्कर ने मंझनपुर ओसा में स्थित वृद्धाश्रम में निराश्रित एवम बुजुर्गो के साथ दीपावली मनाई, बुजुर्ग एवम निराश्रित वृद्धजनों के साथ एडीजी ने मिठाई और उपहार देकर त्योहार की खुशियां बांटी है। एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में आज कौशाम्बी में वृद्धाश्रम में निराश्रित एवम बुजुर्गो के साथ दीपावली मनाई गई है,उन्होंने बताया कि एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं एएसपी समर बहादुर के साथ उन्होंने वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के साथ दीपावली की खुशियां बांटी है,उन्होंने वृद्धाश्रम के संचालक आलोक रॉय को ऐसे कार्यक्रम के लिए बधाई और धन्यवाद भी दिया है।

### कल्याणपुर बाजार में गस्त करती नजर आई पुलिस



कल्याणपुर कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के चौकी टेडीमोड शहजादपुर के उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार शुक्ला अपने हमराहियो में अजय यादव चंदन गुप्ता ,विपिन सिंह और विकास शिकरवाल के साथ कल्याणपुर बाजार में दीपावली के अवसर पर पैदल गस्त करते नजर आए जिस पर सतर्कता बरतने की बाजार वासियों से पुलिस ने अपील किया।

### मंझनपुर में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में दीपावली के 1 दिन पूर्व हनुमान जयंती के अवसर पर भक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया है विधि विधान से हनुमान जी की पूजा अर्चना कर लड्डू प्रसाद अर्पित कर भक्तों के बीच वितरित किया गया है सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में आकर्षक चौकियो का भ्रमण मंझनपुर नगर में किया गया है आकर्षक चौकियो में कलाकारों द्वारा भगवान की लीला पर बेहतर प्रदर्शन किया गया है जिसकी लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की है आकर्षक चौकियो की सजावट और प्रदर्शन देखने के लिए नगर के लोग सड़क पर निकल आए हैं इस दौरान नगर के सैकड़ो हनुमान भक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### फरियादियों की समस्याओं को एसओ कोखराज ने सुना



**कोखराज कौशाम्बी।** समाधान दिवस में कोखराज थाना परिसर में फरियादियों की समस्याओं को कोतवाल व कानून गो सुरेंद्र सिंह ने सुना और न्याय दिलाने के लिए लेखपाल को कहा शिकायती पत्रों को सुनते हुए कोतवाल ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को तत्काल निस्तारित किया जाए उन्होंने कहा कि निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी मौके पर लेखपाल, लोकनाथ पांडेय,पवन कुमार सिंह,देवेंद्र सिंह, साधना सिंह,दिलीप कुमार नरेंद्र सिंह,पूनम मौर्य, अनुराधा,आदि लोगों की उपस्थिति रही।

### बिना टेंडर के कराया जा रहा ओसा क्षेत्र में निर्माण कार्य

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में सरकारी खजाने को खाली करने का नया तरीका अख्तियार किया गया है बिना टेंडर कराए विकास कार्य कर सरकारी खजाने को खाली किया जा रहा है मोटे कमीशन के आड़ में अपने खास लोगों को निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी सौंप दी गई है जिनमें 30 प्रतिशत की रकम भी मौके पर खर्च नहीं हो रही है। पूछने पर यह कहा जा रहा है कि अभी टेंडर नहीं हुआ है फिर कैसे ओसा क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू है सोची समझी साजिश के बाद निर्माण के आड़ में सरकारी खजाने की रकम जिम्मेदारों की तिजोरी में भर रही है अंधेर गर्दी की हद तो तब हो गयी जब देखने वालों ने आंखें बंद कर ली है जिससे नगर पालिका के जिम्मेदार बेखौफ तरीके से सरकारी खजाने को खाली करने में लगे हैं। बिना टेंडर ओसा गांव क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य के मामले की यदि अधिकारियों ने जांच कराई तो अधिशासी अधिकारी के भ्रस्ट कारनामे का खुलासा होना तय है।

## ट्रेन हादसे में विकलांग महिला की मौत

### घर की पुताई के लिए पोतनी मिट्टी लेने गांव से दूर रेलवे लाइन के पास गई थी महिला



**अखंड भारत संदेश**

**महगाव कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रैया देह माफी के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर ट्रेन की टक्कर से विकलांग महिला की मौत हो गयी है घर पुताई के लिए महिला मिट्टी लाने गई थी। रेलवे की पटरी पार करते समय दिनांक 11 नवम्बर समय करीब दोपहर 1 बज कर तीस मिनट पर हादसे में महिला की मौत हो गई है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के रैया देह माफी गांव की सुमन देवी उम्र 27 वर्ष पुत्री स्व राम खेलावन 11 नवम्बर की दोपहर घर की पुताई के लिए पोतनी मिट्टी लेने गांव से दूर रेलवे लाइन के पास गई थी।मिट्टी लेकर आते समय रेलवे लाइन पार करते समय कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार रेलगाड़ी की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई।ट्रेन की टक्कर लगने से महिला पटरी से दूर झाड़ियों में जा गिरी एक हाथ और एक पैर से महिला विकलांग थी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। परिजन पोस्टमार्टम नही करवाना चाहते हैं पंचनामा लिखाकर शव का अंतिम संस्कार करने की मांग कर रहे हैं।

### पारिवारिक कलह के चलते युवक ने ट्रेन से कटकर दे दी जान, परिजनो में कोहराम

**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली,सुबह ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के परसरा निवासी छेद्दू उम्र 30 वर्ष पुत्र फूलचंद्र ने पारिवारिक कलह के चलते ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली,घटना की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया। वही युवक की आत्महत्या किए जाने की सूचना पर भरवारी चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश पाठक ने फोर्स के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है।

## गिट्टी प्लांट में संदिग्ध दशा में मिला अधेड़ का शव

**अखंड भारत संदेश**

### मृतक की नहीं हुई शिनाख्त गिट्टी प्लांट के जिम्मेदार बोलने को नहीं है तैयार

**चायल कौशांबी।** सरांय अकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर गांव में गिट्टी प्लांट के पास शनिवार को एक अधेड़ उम्र लगभग 45 वर्ष का रक्त रंजित शव मिला है अधेड़ की लाश मिलने के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चाए बनी है सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है काफी प्रयास के बाद अधेड़ की शिनाख्त नहीं हो सकी है जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर में बाहर के लोगों ने गिट्टी प्लांट लगा रखा है कि प्लांट में पूरी तरह से सुरक्षा चौकसी के इंतजाम किए गए हैं जगह-जगह सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है इन स्थितियों में बाहरी व्यक्तियों का गिट्टी प्लांट में पहुंचना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है शनिवार को गिट्टी प्लांट में गिट्टी के डम्प में एक अधेड़ व्यक्ति का रक्त रंजित शव मिला है काफी प्रयास के बाद अधेड़ के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है गिट्टी प्लांट के जिम्मेदार अधेड़ की मौत के मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं है आखिर गिट्टी प्लांट के जिम्मेदार अधेड़ की मौत में क्या छुपाने का प्रयास कर रहे हैं यह बड़ी जांच का विषय है चौकीदार निरंजन लाल पांडेय ने पुलिस को सूचना दी है चौकीदार की तहरीर के मुताबिक प्राइमरी स्कूल के सामने सड़क किनारे पटरी पर दुर्घटना हुई है चौकीदार का कहना है कि दुर्घटना करने वाला वाहन भाग गया है जबकि दुर्घटना गिट्टी प्लांट के गिट्टी के ढेर पर हुई है पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया है चचाओं पर जाएं तो अधेड़ गिट्टी प्लांट के डंपर का खलासी था और गाड़ी को पीछे करवाते वक्त अधेड़ के ऊपर डंपर चढ़ गया है जिससे अधेड़ की मौत हो गई है प्रकरण में पुलिस अधिकारियों ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो गिट्टी प्लांट के जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल खड़ा होना तय है।

## सरकारी भूमि पर खड़ी फसल को टीम बनाकर काटने से रोकने की मांग

**तहसील प्रशासन की लापरवाही के चलते ऊनो गांव में तालाब की भूमि चारागाह और बंजर भूमि लगभग 30 बीघा अवैध कब्जे में है, तालाब की भूमि में इंटरलॉकिंग का झूठा निर्माण दिखाते हुए प्रधान ने हड़प लिया सरकारी धन**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनो और उसके मजरा कुलौली की सरकारी भूमि पर दो दशक से अधिक समय से माफिया जबरिया खेती कर रहे हैं बार-बार शिकायत के बाद भी सरकारी भूमि की खेती नहीं बंद हो सकी है सरकारी भूमि की खेती की फसल माफिया किसान उठा ले जाते हैं मामले में मंझनपुर तहसील के अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है सरकारी भूमि पर खड़े धान की फसल को माफियाओं के काटने पर रोक लगाए जाने की मांग के साथ-साथ सरकारी भूमि की फसल को सरकार द्वारा अधिकारियों के जरिए कटवाने की मांग की है गांव के बासदेव पुत्र बैजनाथ ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सरकारी भूमि खाली कराए जाने की मांग की थी मामले की शिकायत आईजीआरएस में भी ग्रामीणों ने की थी तहसील प्रशासन की लापरवाही के चलते ऊनो गांव में तालाब की भूमि चारागाह और बंजर भूमि लगभग 30 बीघा अवैध कब्जे में है जिस पर कार्यवाही नहीं हो सकी है बताया जाता है कि गांव के अंदर छेदीलाल ने तालाब के ऊपर मकान बना लिया है इस तालाब में अन्य तमाम लोगों ने भी अवैध कब्जा किया है इतना ही नहीं ग्राम प्रधान ने तालाब की भूमि में इंटरलॉकिंग का झूठा निर्माण दिखाते हुए सरकारी धन हड़प लिया है लेकिन मौके पर इंटरलॉकिंग नहीं लगा हुआ है गांव के चकरोड खलिहान तालाब की भूमि पर लोगों ने मकान का निर्माण कर लिया है अवैध कब्जा हटाने के नाम पर तहसील प्रशासन केवल लुका छुपी का खेल खेल रहा है इसके पहले भी शिकायतकर्ता ने शिकायत की थी लेकिन फगुवारे की कहानी लिखकर सरकारी जमीन के पूरे कब्जे के मामले को लेखपाल चाट गया है जिससे तहसील प्रशासन की साठगांठ का अंदाजा लगाया जा सकता है शिकायतकर्ता का कहना है कि तालाब चारागाह बंजर की भूमि पर खड़ी फसल को काटने से कब्जा धारकों को रोका जाए और उन पर कार्यवाही की जाए वरना वह भूख हड़ताल करेगा।

## दशहरा मेला के दूसरे दिन उमड़ी लोगों को भारी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

### दशहरा मेला के दूसरे दिन श्रीराम भरत मिलाप देख लोग हुए मंत्र मुग्ध, सीता स्वयंवर होते ही लोगों ने की सीता राम की जय जयकार



**कौशाम्बी।** श्री सीताराम मेला एवं रामलीला कमेटी के तत्वाधान में उदहिन बुजुर्ग चौराहा में हो रहे रात्रिकालीन दशहरा मेला एवं रामलीला में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। खासकर दशहरा मेला के दूसरे दिन लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली। ज्ञात हो कि उदहिन बुजुर्ग चौराहे पर साप्ताहिक रामलीला एवं दो दिवसीय दहशरा मेला का अयोजन हो रहा है। इसी क्रम में शनिवार को दशहरा मेला के दूसरे दिन क्षेत्र के तमाम गांवों के हजारों लोग मेला देखने पहुंचे। प्रयागराज से आई चौकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। हजारों की तादात में युवाओं ने डी जे की धुन पर चौकी में डांस किया और जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही शानदार लाइटिंग और साउंड की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। इसके पहले दशहरा मेले के दूसरे दिन भगवान श्रीराम भरत मिलाप का आयोजन हुआ। लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या वापस लौटे। साथ ही माता सीता, भाई लक्ष्मण और वीर हनुमान आदि भी साथ आए। जैसे ही यह समाचार भरत जी को मिला। वो उनकी अगुवानी करने मुनि वशिष्ठ और तमाम नगर वासी के साथ पहुंचे और भगवान श्रीराम एवं माता सीता आदि की अगुवानी की। इसी के साथ रामलीला के प्रसंग में सीता स्वयंवर एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला दिखाई गई। जैसे ही भगवान श्रीराम ने धनुष तोडा, सीता और राम जी का विवाह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर लोगों ने सीता राम की जय जयकार की। धनुष टूटने की आवाज सुनते ही परशुराम जनक दरबार पहुंचे और कुपित हो उठे। जिसपर लक्ष्मण जी परशुराम जी से बहस करने लगे। इस पर भगवान श्रीराम ने उन्हें समझाया और परशुराम जी से क्षमा प्रार्थना की। जिसपर परशुराम शांत हुए। इस अवसर पर पुलिस की भारी मौजूदगी मेले में रही और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे।इस मौके पर मेला एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय सोनी, बाबू श्रीचंद्र केसरवानी, डॉ राजेंद्र प्रसाद दिवाकर, बृजेंद्र तिवारी, सतीश सिंह, पवन मौर्य, गुडु केसरवानी, घनश्याम केसरवानी, डॉ अरविंद मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

# दयालुता मानवीय जीवन का सौन्दर्य है

आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिये प्रतिवर्ष 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है. दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरूआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

ह्हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनायेह्- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है ह् इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि ह्दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं? क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है! 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियाँ साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला।

विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है. यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विचारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है।

दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है।

दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिये दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नये सोच के साथ नये रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरूआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

# प्यार और इंसानियत रूपी दीयों की कतारे लगायें

**-ललित गर्ग-**

दीपावली एक लौकिक पर्व है। यह आत्मज्योति जगाने एवं भीतर की दुनिया को उज्ज्वल बनाने का पर्व है, इसलिये दीपों की कतारे लगाकर केवल बाहरी अंधकार को ही नहीं, बल्कि भीतरी अंधकार को मिटाने के जतन करने होंगे। हम भीतर में धर्म का दीप जलाकर मोह और मूर्च्छा के अंधकार को दूर कर सकते हैं। भीतर की शुद्धि के अपने मायने हैं। लव ऑर एबव की संस्थापक और हीलर क्रिस्टी मैरी शेल्डन कहती हैं, ह्जितना हम अपनी बुरी आदतों की सफाई करते हैं, उतना ही अच्छा महसूस करते हैं। भीतर की अच्छी ऊर्जा का प्रवाह हमारे आसपास पर भी अच्छा असर डालता है ह् इसी सोच के साथ हमें दीपावली को कोरा भौतिक ही नहीं, आध्यात्मिक स्वरूप देना होगा। झोपड़ियों के अंधकार को मिटाने श्रीराम आयेंगे-गीत की पंक्तियों के अनुरूप घर-घर में श्रीराम की प्रतिष्ठा कर दीपावली को अर्थपूर्ण बनाये।

जीवन को अध्यात्म के दीपों से रोशनीमय बनाने के लिये जरूरी है कि हम सबसे अधिक स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार करें। जबकि अक्सर हम अपनी ही अनदेखी करते हैं। ऐसे में कभी-कभी खुद का हाल-चाल पूछना, फालतू विचारों और गिले-शिकवों की रद्दी को हटाकर दिल और दिमाग को हल्का और शांत करना खुद को नई शक्ति से भरपूर करना है। भीतर की शुद्धि का एक मतलब यह भी है कि हम दूसरों को गलत ठहराने की जगह अपनी गलती ढूंढ़ें। उसमें सुधार करें। लेखक एडमंड एमबाइका मानते हैं कि अपनी सफलता और खुशी के लिए केवल हम जिम्मेदार हैं, कोई और नहीं। अपने रोज के सही कामों से हम खुद को ही खुश करते हैं ह् इसलिये दीपावली एक शुरूआत है अच्छे बनने, अच्छा करने एवं अच्छा सोचने की।

दीपावली के मौके पर सभी आमतौर से अपने घरों की साफ-सफाई, साज-सज्जा और उसे संवारने-निखारने का प्रयास करते हैं। उसी प्रकार अगर भीतर चेतना के आँगन पर जमे कर्म के कचरे को बुहारकर साफ किया जाए, उसे संयम से सजाने-संवारने का प्रयास किया जाए और उसमें आत्मा रूपी दीपक की अखंड ज्योति को प्रज्वलित कर दिया जाए तो मनुष्य शाश्वत सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त हो सकता है। केवल बाहर की साफ-सफाई से काम नहीं चलता। भीतर के कोनों में जमी गंदगी और जालों को भी हटाना होता है। कारण कि गंदगी जितनी भी तहों के बीच क्यों ना दबी हो, देर-सवेर बाहर आती ही है। दीपावली जैसे शक्ति का असली उत्सव, अपने भीतर की बगिया में उग आई कंटीली झाड़ियों को हटाकर ही मनाया जा सकता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप पूजा-पाठ करते हैं या नहीं। मंदिर जाते हैं या नहीं। मायने इस बात के हैं कि आप खुद को और दूसरों को क्या समझते हैं। इंसानियत के दर्शन को कितनी तवज्जो देते हैं। बौद्ध गुरु दलाई लामा कहते हैं, ह्मंदिर की जरूरत नहीं है, ना ही भारी-भरकम जटिल दर्शन की। मेरा दिल और दिमाग ही मेरे मंदिर हैं और करुणा मेरा दर्शन ह्

दीपों की कतारें दीपावली का शाब्दिक अर्थ ही नहीं, वास्तविक अर्थ है। कतारों के लिए निरंतरता जरूरी है। और निरंतरता के लिए नपा-तुला क्रम। दीप जब कतार में होते हैं, तो आनंद का सूचक बन जाते हैं। जैसे कोई मूक उत्सव हो-जगर-मगर उजाले का। उजालों की पंक्तियां उल्लास का द्योतक हैं। दीप होते ही प्रेरक हैं। एक बाती, अंजुरी-भर तेल और राह-भर प्रकाश। जितना सादा दीपावली का दीपक होता है, उससे सादा कुछ नहीं हो सकता। माटी ने ज्यों पक-जमकर, बाती के बीज से ज्योत पल्लवित की हो। यह विजय पताका कार्तिक अमावस्या के अंधेरे की पूरी रात दूर रखती है। दीपावली की रात को हर दीप रोशनी की लहर बनाता है, उजालों के समन्दर में अपना योगदान देता है। ठीक ऐसा ही उजाला भीतर भी हो।

शेक्सपियर की चर्चित पंक्ति है-ह्अगर रोशनी पवित्रता का जीवन रक्त है तो विश्व को रोशनीमय कर दो/ जगमगा दो और इसे जी-भरकर बाहुल्यता से प्राप्त करो ह् शेक्सपियर ने यह पंक्ति चाहे जिस संदर्भ में कही हो, पर इसका उद्देश्य निश्चित ही पवित्र था और अनेक अर्थों को लिए हुए यह उक्ति सचमुच में जीवन व्यवहार की स्पष्टता के अधिक नजदीक है। दीपावली का पर्व और



उससे जुड़े रोशनी के दर्शन का भी यह उद्घोष है। रोशनी! उत्सव का प्रतीक, खुशी के इजहार करने का प्रतीक है, आत्मा को उजालने का द्योतक है, सफलता की प्रतीति है। अगर हम इस सोच को गहराई में डुबो लें तो ये सूक्तियां हमारे जीवन की रक्त धमनियां बन सकती हैं और उससे उत्तम व्यवहार की रश्मियां प्रस्फुटित हो सकती है। उन रश्मियों की निष्पत्तियां के स्वर होंगे- ह्सदा दीपावली संत की आठों पहर आनन्दह्, ह्घट-घट दीप जलेह्, ह्दीये की लौ सूरज से मिल जायेह्। दीपावली का सम्पूर्ण पर्व एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक आत्मज्योति है, एक प्रकार की गति है। एक सत्य से दूसरे सत्य की ओर अनवरत, अनिरुद्ध गति ही दीपावली की जीवंतता है।

जीवन के अनेक अनुभवों का समवाय है दीपावली। एक अनुभूति से दूसरी अनुभूति तक की यात्रा में जो दीपावली के विलक्षण एवं अद्भुत क्षणों की गति है, वही जीवन की वास्तविकता है। जीवन एक यात्रा है, सतत यात्रा। ठीक इसी तरह दीपावली भी एक यात्रा है, एक प्रस्थान है, कुछ नया पाने की, अनूठा करने की, भीतर संसार को समृद्ध बनाने की। उजालों का स्वागत करें। दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिए टिमटिमाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किए हौसलेमंद दिए ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का।

इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। एक बार अंधकार ने ब्रह्माजी से शिकायत की कि सूरज मेरा पीछा करता है। वह मुझे मिटा देना चाहता है। ब्रह्माजी ने इस बारे में सूरज को बोला तो सूरज ने कहा-मैं अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर, आप पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करें। मैं उसकी शक्ल-सूरत देखना चाहता हूँ। ब्रह्माजी ने उसे सूरज के सामने आने के लिए कहा तो अंधकार बोला-मैं उसके पास कैसे आ सकता हूँ? अगर आ गया तो मेरा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। समाज में उजाला फैलाने के लिये इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। जिस तरह दीप से दीप जलता है, वैसे ही प्यार देने से प्यार बढ़ता है और समाज में प्यार और इंसानियत रूपी उजालों की आज बहुत जरूरत है।

जीवन के ह्रास और विकास के संवादी सूत्र हैं- अंधकार और प्रकाश। अंधकार स्वभाव नहीं, विभाव है। वह प्रतीक है हमारी वैयक्तिक दुर्बलताओं का, अपाहिज सपनों और संकल्पों का। निराश, निष्क्रिय, निरुद्देश्य जीवन शैली का। स्वीकृत अर्थशून्य सोच का। जीवन मूल्यों के प्रति टूटती निष्ठा का। विधायक चिन्तन, कर्म और आचरण के अभाव का। अब तक उजालों ने ही मनुष्य को अंधेरों से मुक्ति दी है, इन्हीं उजालों के बल पर उसने ज्ञान को अनुभूत किया अर्थात सिद्धांत को व्यावहारिक जीवन में उतारा।

यही कारण है कि उसकी हस्ति आजतक नहीं मिटी। उसकी दृष्टि में गुण कोरा ज्ञान नहीं है, गुण कोरा आचरण नहीं है। दोनों का समन्वय है। जिसकी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता वही समाज में आदर के योग बनता है।

हम उजालों की वास्तविक पहचान करें, अपने आप को टटोलें, अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है, वह बार-बार नहीं मिलता। समाज उसी को पूजता है जो अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीता है। इसी से गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा है-ह्परहित सरिस धरम नहीं भाईह्। स्मरण रहे कि यही उजालों को नमन है और यही उजाला हमारी जीवन की सार्थकता है। जो सच है, जो सही है उसे सिर्फ आंख मूंदकर मान नहीं लेना चाहिए। खुली आंखों से देखना एवं परखना भी चाहिए। प्रमाद टूटता है तब व्यक्ति में प्रतिरोधात्मक शक्ति जागती है। वह बुराइयों को विराम देता है। प्रेषकः

# जीवनदायिनी हैं आयुर्वेद की जड़ी-बूटियां

आज दुनिया में भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का डंका बज रहा है। विश्व के सभी देशों में आयुर्वेद पहुंच गया है। आयुर्वेद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि समग्र स्वास्थ्य के बारे में बात करता है। आयुर्वेद दिवस हर साल धन?वंतरि जयंती के दिन मनाया जाता है। इस बार आयुष मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों के सहयोग से लगभग सौ से अधिक देशों में इस दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की योजना बनाई है। इस वर्ष आयुर्वेद का विषय ह्एक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद रखा गया है। भारत सरकार देश में 8वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस को एक महीने तक अभियान के रूप में मनाएगी। आयुर्वेद दिवस का मुख्य आयोजन 9-10 नवंबर 2023 को हरियाणा के पंचकुला में होगा। देशभर के किसान इस आयोजन में भाग लेंगे। इस अवसर पर किसानों को औषधीय पौधों की खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी।

आयुर्वेद का जन्म लगभग पांच हजार वर्ष पहले भारत में हुआ था। इस औषधि का वर्णन करने वाले प्राचीन ग्रंथ 1500 ईसा पूर्व के हैं । विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी आयुर्वेद को एक पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में स्वीकार किया गया है। आयुर्वेद प्राचीन भारतीय प्राकृतिक और समग्र वैद्य-शास्त्र चिकित्सा पद्धति है। संस्कृत भाषा में आयुर्वेद का अर्थ है जीवन का विज्ञान। आयुर्वेद के अनुसार व्यक्ति के शरीर में वात, पित्त और कफ जैसे तीनों मूल तत्त्वों के संतुलन से कोई भी बीमारी नहीं हो सकती, परंतु यदि इनका संतुलन बिगड़ता है, तो बीमारी शरीर पर हावी होने लगती है। अंग्रेजी दवाएं रोग से लड़ने के लिए डिजाइन की जाती हैं, वहीं आयुर्वेदिक औषधियां रोग के विरुद्ध शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती हैं ताकि आपका शरीर खुद उस रोग से लड़ सके। आयुर्वेद के अनुसार कोई भी शारीरिक रोग शरीर की मानसिक स्थिति, त्रिदोष या धातुओं का संतुलन बिगड़ने के कारण होती है। आयुर्वेद चिकित्सक मरीज की रोग प्रतिरोध क्षमता, जीवन शक्ति, पाचन शक्ति, दैनिक दिनचर्या, आहार संबंधी आदतों और यहां तक कि उसकी मानसिक स्थिति की जांच करके रोग निदान करते हैं। आयुर्वेद रोग को जड़ से खत्म करता है। हम कह सकते है आयुर्वेद स्वास्थ्य की देखभाल करने की कारगर प्रणाली है। चरक संहिता के अनुसार आयुर्वेद का उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के विकारों को खत्म करना है। आयुर्वेद का अर्थ ही है आयु को जानने का संपूर्ण विज्ञान। आयुर्वेद सिर्फ एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है।

हजारों हजार सालों से हम बीमारी के इलाज के लिए पेड़-पौधों या संजीवनी बूटी माने जाने वाले पौधों का इस्तेमाल करते आये है। आयुर्वेद में जड़ी-बूटियों को दवाई के रुप में इस्तेमाल करने का उल्लेख मिलता है। बहुत सी अंग्रेजी दवाइयों के साथ आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा जैसी पद्धतियों में औषधीय पौधों का बहुतायत से प्रयोग हो रहा है। भारत सरकार के ऑल इण्डिया को-ऑर्डिनेटेड रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन एथ्नो-बायोलॉजी द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में यह बताया गया है की लगभग 8 हजार पेड़-पौधे ऐसे हैं जिनका उपयोग औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में लगभग दो हजार, सिद्धा में लगभग एक हजार और यूनानी में लगभग 750 पौधें ऐसे है जिनका उपयोग विभिन्न दवाओं के निर्माण में किया जाता है।

कोरोना संकट में प्रकृति और ऋषि मुनियों द्वारा अपनायी जाने वाली आयुर्वेद चिकित्सा ने हमारा ध्यान खिंचा है। कोरोना में सर्दी, जुकाम, खांसी, गले में खराश आम बात है। दादी नानी के आयुर्वेद नुस्खों ने इनका उपचार भी हमें बताया है। ये नुस्खे इतने ज्यादा कारगर हैं कि डॉक्टर और मेडिकल साइंस भी उन्हें मानने से मना नहीं करते हैं। हल्दी वाला दूध हो या नमक मिले गरम पानी के गरारे कोरोना के जुकाम और गले दर्द में दोनों ही कारगर इलाज है।

अदरक को पानी में उबालकर और फिर शहद के साथ खाया जाए तो यह कफ, गले में खराश और गला खराब होने की दिक्कत से छुटकारा दिला सकती है। अदरक को शहद के साथ खाने से गले में होने वाली सूजन और जलन में भी राहत मिलती है। इसी भांति अजवायन, लोंग, काली मिर्च, तुलसी गिलोय, मलेठीयुक्त पान, शहद, दालचीनी आदि के नुस्खे भी संजीवनी साबित हुए है।

आयुर्वेद और योग भारत द्वारा पूरे मानव समाज और पृथ्वी को दिया अनमोल उपहार है। आयुर्वेद प्राकृतिक एवं समग्र स्वास्थ्य की पुरातन भारतीय पद्धति है। यदि हमें प्रकृति को बचाना है तो पर्यावरण संरक्षण पर जोर देना होगा। औषधीय पेड़-पौधे लगाने होंगे। जिससे पर्यावरण दूषित होने से तो बचेगा ही, साथ ही आयुर्वेद का प्रसार भी होगा।

# शत्रुता और बैर भाव को दूर भगाते हैं पर्व

**बाल मुकुन्द ओझा**

दीपावली को पंच पर्वों का त्योहार कहा जाता है। सुख और समृद्धि का पंच पर्व दीपावली इस वर्ष पांच के बजाय छह दिन का होगा। गोवर्धन पूजा एक दिन आगे बढ़ गई है। महालक्ष्मी पूजन के अगले दिन सोमवती अमावस्या का संयोग बन रहा है। इस वर्ष दीपावली का पर्व 12 नवम्बर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिष शाश्त्र के मुताबिक लगभग 500 साल बाद दीपावली पर अद्भुत संयोग का निर्माण हो रहा है जिसमें गजकेसरी योगए उभयचरी योगए हर्ष और दूर्धरा नाम के पांच राज योग का निर्माण हो रहा है। ऐसा योग धनए संपत्ति और प्रतिष्ठा के साथ सफलता और उभयचरी योग आर्थिक समृद्धि को बढ़ाता है। भारत में सभी धर्मों और वर्गों के लोग यह त्योहार मिलजुल कर मानते है। दीपावली का शाब्दिक अर्थ है दीपों की पंक्ति या दीपों की माला । यह पर्व सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक व्यापारिक और ऐतिहासिक महत्व का है। अंधेरे से उजाले का मार्ग प्रशस्त करने वाला पर्व भी इसे कहते हैं। पर्व को सभी वर्गों के लोग अत्यंत हर्ष व उत्साह के साथ मनाते हैं।

दीपावली संस्कार और चरित्र निर्माण का पर्व है। तन.मन को प्रफुल्लित करने वाला यह पर्व हमारे जीवन में हजारों खुशियाँ प्रदान करता है। त्योहार जीवन को प्रेमए बन्धुत्व और शुद्धता से जीने की सीख देता है। मन और चित को शांति प्रदान करता है और हमारे अन्दर की बुराइयों को अन्तर्मन से बाहर निकाल कर अच्छाइयों को ग्रहण करने की ताकत प्रदान करता है। चौदह साल का बनवास काटकर भगवान राम जब अयोध्या लौटे तब वहाँ के निवासियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर उनका स्वागत किया।

दीपावली के साथ कई ऐतिहासिक और धार्मिक घटनाएँ जुड़ी हुई हैं। यह दिन केवल भगवान राम के अयोध्या वापसी का पावन दिन नहीं है अपितु इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने राक्षस राज नरकासुर का वध किया था। इसी दिन भगवान विष्णु ने नरसिंह का अवतार लेकर हिरणकश्यप को मारा था। इसी दिन समुद्र मंथन के बाद लक्ष्मी व धन्वन्तरि प्रकट हुए थे। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस भी इसी दिन है। सिक्खों के लिए भी दीपावली के त्यौहार का बहुत महत्त्व है। इसी दिन अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर का शिलान्यास हुआ। इसके अलावा 1619 में दीपावली के दिन सिक्खों के छठे गुरू हर गोविन्द सिंह को जेल से रिहा किया गया। नेपालियों के लिए भी दीपावली का दिन बहुत महत्व का है। इस दिन नेपाल में नया वर्ष शुरू होता है। पंजाब में स्वामी रामतीर्थ का जन्म व महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन हुआ। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद ने दीपावली के दिन अजमेर के निकट अवसान लिया था। इस दिन लक्ष्मी पूजन का विशेष प्रावधान है। ये दिन देश में उमंगए उत्साह और भाई चारे से परिपूर्ण होते हैं। दीपावली सच्चे अर्थों में चौतरफा हर्षोल्लास का दिन है। मगर यह सच है कि बुराई पर अच्छाई का प्रतीक यह पर्व अब रश्मि बनता जा रहा है। अच्छी बातें अब केवल वेद वाक्योंए ग्रन्थोंए महापुरूषों के आदर्शों और नेताओं के भाषण तक सीमित होकर रह गई है। भारत ऋषि मुनियोंए संतों और महापुरूषों की जन्मस्थली है जिन्होंने सदा सर्वदा सद्मार्ग पर चलने की सीख और प्रेरणा देशवासियों को दी। हम धीरे.धीरे इन आदर्शों को आत्मसात करने की बजाय बैर.भाव और शत्रुता को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। देश में इस समय जो वातावरण बना हुआ हैए उससे बन्धुत्वए प्रेम और समता के स्थान पर अविश्वासए घृणा और बुराई को अधिक बल मिल रहा है। इसके लिए किसी एक को दोषी ठहराना ठीक नहीं होगा। हम सबको अपनी अन्तर आत्मा में झांक कर विवेचना करनी होगी। जब तक हम अपने अंदर की बुराइयों का त्याग नहीं करेंगे तब तक दीपावली की सीखए प्रेरणा और आदर्शों को आत्मसात करने की बातें थोथी और कागजी होगी।

त्योहार देश की सामाजिकए सांस्कृतिकए धार्मिक और राष्ट्रीय एकता के जीवन्त प्रतीक होते हैं। इसमें देश के इतिहास का समावेश होता है। त्योहार बिना जातिए धर्म ओर भेदभाव के सभी लोग मिलजुल कर मनाते हैं और एक दूसरे के सुख दुख में भागीदारी देते हैं। एक दूसरे से मिलन का यह सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। त्यौहार आपसी कटुताए शत्रुता और बैर भाव को दूर भगाते हैं। दीपावली के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिये कि हम अपनेए समाज और राष्ट्र में फैले अविश्वास और बैरभाव को समाप्त कर भाईचारे की मिसाल कायम कर देश की प्रगति और तरक्की के लिए मिल जुलकर काम करेंगे। तभी दीपावली को सच्चे मन से मनाने की हमारी भावना सार्थक होगी।

**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**
**डी 32ए मॉडल टाउनए**
**मालवीय नगरए जयपुर**
**मोण. 9414441218**

## मलिन बस्ती के बच्चों के साथ शानू ने मनाई दीवाली, भेंट मिलने पर बच्चों के चेहरे खिले



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली पर्व पर समाजसेवी/युवा भाजपा नेता/व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने मलिन बस्तियों में बच्चों को पटाखे-मिठाई भेंटकर प्रोत्साहित किया। बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समाजसेवी शानू गुप्ता ने चित्रकूटधाम कर्वी की मलिन बस्ती खटिकाना, हरिजन बस्तियों में बच्चों को पटाखे-मिठाई, चॉकलेट भेंटकर सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी।

शनिवार को बच्चों को प्रोत्साहित कर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा ही पहली सेवा है। विशेष पर्वों व समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा जारी रहती है। ये संकल्प आजीवन लिया है। जरूरतमंदों की सेवा करने से आत्मीय सुख-शांति की अनुभूति होती है। समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि दीपोत्सव का महापर्व पूरी दुनिया में चित्रकूट में बड़े हर्षोल्लास व तीर्थक्षेत्र में भक्तों की भीड़ के साथ मनाया जाता है। रामघाट में स्नान कर कामतानाथ की परिक्रमा में दीप जलाने का अनोखा महत्व है। दिवारी नृत्य व चित्रकूट के वनों से लेकर मंदिरों तक की सुंदरता अद्भुद होती है। यहां भक्तों को कण-कण में भगवान श्रीराम के दर्शन होते हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। आध्यात्मिक-धार्मिक व सिद्धि के सबसे बड़े केंद्र चित्रकूटधाम में सभी भक्तों का कल्याण होता है।

इस मौके पर उद्योग व्यापार संगठन के मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, दीपक, नेहा, अखिल प्रताप, सुशील पाण्डेय, अनिल समेत सैकड़ों बच्चे मौजूद रहै।

## चचेरे भाई ने बहन से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र में युवती से चचेरे भाई ने दुष्कर्म की घटना अंजाम दी है। युवती के माता-पिता की मृत्यु के बाद युवती ताऊ के घर में रहती है। युवती के मुताबिक पांच माह से भाई जबरन शारीरिक संबंध बना रहा था, उसके गर्भवती होने पर उसे धमकी दे रहा था। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शनिवार को पीड़िता के मुताबिक चचेरा भाई उसे अकेला पाकर छेड़खानी करता था, विरोध पर झूंठी शिकायत की धमकी देता था। मई माह में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी से बताने पर धमकी देता रहा। कोतवाली प्रभारी अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर पर मामला दर्ज किया है। युवती के गर्भवती होने की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट में होगी। डॉक्टरी परीक्षण के बाद आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सुरक्षा व्यवस्था को मेले में एलआईयू की है पैनी निगाह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड एलआईयू की संयुक्त टीम ने दीपावली अमावस्या मेला में सुरक्षा के मद्देनजर परिक्रमा मार्ग, रामघाट पर संदिग्ध वस्तुओं/व्यक्तियों की जांच की।

शनिवार को तीर्थक्षेत्र में दीपावली मेला पर भारी भीड उमड रही है। मेले में दूर-दराज से तकरीबन बीस लाख लोग हिस्सा लेने आ रहे हैं। दीपावली मेला साल का सबसे बडा मेला होता है। इस मेले में सुरक्षा व्यवस्था को बाहरी व स्थानीय पुलिस बल भारी तादाद में ड्यूटी करते हैं। जिला प्रशासन ने मेला को कई क्षेत्र में बांटा है। ऐसे में मेले की सुरक्षा व्यवस्था को एलआईयू भी सक्रिय है।

एलआईयू की विशेष टीम ने एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व एलआईयू के सीओ अनुज मिश्र की देखरेख में मेला में संदिग्ध वस्तुओं व लोगों की सघन जांच कर रही है। फिलहाल एलआईयू टीम को कहीं कोई संदिग्ध वस्तु व लोग नहीं मिले। फिर भी टीम पैनी निगाह रखे है।

## मेला क्षेत्र में अहमदगंज में बनी है विशाल पार्किंग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र में साल के सबसे बडे दीपावली मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस प्रशासन ने 17 स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाये हैं। सबसे बडी पार्किंग बांदा रोड में बेडीपुलिया के आगे बनी है। इस पार्किंग स्थल पर हाईकोर्ट में मामला चल रहा है।



शनिवार को तीर्थक्षेत्र में दीपावली मेले पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेडीपुलिया के आगे विशाल पार्किंग स्थल बनाया गया है। ये पार्किंग स्थल क्षेत्र का सबसे बडा पार्किंग स्थल है। कुछ लोग इसे मरघट की जमीन बता रहे हैं तो कुछ लोग इसे अपनी पैतृक भूमि मान रहे हैं। ये स्थल अहमदगंज में है, कुछ भी हो प्रशासन ने इस स्थान पर विशाल पार्किंग बनाकर मेला में आये लोगों को खासी राहत पहुंचाई है।

अहमदगंज में पार्किंग स्थल पर इस समय सैकडों बसें व अन्य वाहन खडे हैं। वाहनों के आसपास वाहनों के चालक-परिचालक मौजूद हैं। विशाल पार्किंग में वाहनों को खडा करने की कोई परेशानी नहीं है। जिला प्रशासन को चाहिए कि तीर्थक्षेत्र में हमेशा के लिए पार्किंग को ऐसी जगह चिन्हित व खुद की बनानी चाहिए, ताकि पार्किंग को परेशानी न खडी हो। फिलहाल इस पार्किंग स्थल पर हाईकोर्ट में मामला चल रहा है।

## लेजर शो में मन्दाकिनी में भगवान राम की प्रतिमा देख श्रद्धालु हुए नतमस्तक, दीपों की रोशनी से सराबोर हुई धर्मनगरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीराम की तपोभूमि में दीपदान मेले में शुक्रवार को धनतेरस पर्व में तीन लाख श्रद्धालुओं ने रामघाट मंदाकिनी नदी में स्नान कर दीपदान किया। भगवान कामतानाथ के दर्शन कर सुखी जीवन की कामना की। कामदगिरि की पंचकोसी परिक्रमा भी लगाई शुक्रवार की रात टिमटिमाती विद्युत झालरों से मंदाकिनी व रामघाट स्थल में परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं के जत्थे भक्ति से सराबोर रहे। सीताराम जय कामतानाथ की गूंज परिक्रमा मार्ग में गूंजती रही। कई प्रदेशों से आए श्रद्धालु संस्कृति अनुसार परिधान पहने दिखे। धर्मनगरी में धनतेरस में प्रतिवर्ष की भांति श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर दीपदान किया। नदी में तारे टिमटिमाते नजर आए। भगवान कामतानाथ के दर्शन कर परिवार के कल्याण की कामना की। कामदगिरि पर्वत की पंचकोसी परिक्रमा लगाई। धर्मनगरी के तीर्थस्थल देवांगना, जानकीकुड, गुप्त गोदावरी, सती अनुसुइया, हनुमानधारा, स्फटिक शिला समेत अन्य तीर्थों के दर्शन किए। धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड़ व दीपावली मेले में श्रद्धालुओं के आगमन के चलते शहर में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। दिन-रात यातायात विभाग से लेकर पुलिस व होमगार्ड जाम हटाने में जुटे रहे। मंदाकिनी नदी में पर्यटन विभाग के लगाए लेजर शो में पूरी रामायण श्रद्धालुओं को दिखाई जा रही है। लेजर शो के मंदाकिनी नदी के पानी में भगवान राम की प्रतिमायें उकेरी जा रही हैं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु नतमस्तक हो रहे हैं।

# दुल्हन की तरह सजा चित्रकूटः हो रहे धार्मिक कार्यक्रम

### प्रशासन ने चलाई तीन सौ बसें व अतिरिक्त ट्रेनें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की चित्रकूट में दीपावली पर दीपदान अमावस्या मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है। दीपावली पर दीपदान मेले को लेकर प्रशासन ने चैकस इंतजाम किए हैं।

शनिवार को दीपावली पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद ने खास इंतजाम किये हैं। मेला में तीन सौ बसें चलाई जा रही हैं। कई मेला स्पेशल ट्रेन भी चल रही है। जिले के चैक, चैराहा, मठ-मंदिर सब जगमगा रहे हैं। ऐसा नजारा दिख रहा है कि



वास्तव में राम अयोध्या आ रहे हैं। पांच दिवसीय दीपदान मेला में चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद ने धर्मनगरी को लाइटों से सजा दिया है। शहर के स्टेशन से लेकर रामघाट तक पड़ने वाले सभी चैराहों को सजाया गया है।

बेड़ीपुलिया से लेकर रामघाट तक रंग-बिरंगी लाइटों समेत भारी भरकम स्वागत गेट बनाये गए हैं। रामघाट पर राम मंदिर की तस्वीरों को लाइटों से दिखाया गया है। राम के सभी मठ-मंदिरों में भव्य लाइटें जगमगा रही हैं। दीपदान मेला पांच दिनों तक धर्मनगरी में चलेगा। धर्म नगरी का नजारा देखकर लगता है कि भगवान राम-रावण को मारने के बाद अयोध्या आने वाले हैं। उनके स्वागत को धर्मनगरी को सजाया गया है। इस मौके पर धर्मनगरी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं।

# एंटी रोमियो टीमों ने महिला-बालिकाओं को दिया सुरक्षा का भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास की जारी मिशन शक्ति अभियान-4 में जिले के सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने विभिन्न सार्वजनिक स्थल व गांवों में भ्रमण कर महिला-बालिकाओं को सुरक्षा बाबत जागरुक किया।

शनिवार को मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले की नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने



सार्वजनिक स्थलों एवं गांवों का भ्रमण किया। महिलाओं/बालिकाओं को सार्वजनिक स्थलों चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने, छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणी की घटनाओं को रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बर बताये। महिलाओं/बालिकाओं से कहा कि सभी थानों में सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिस कर्मी महिलाओं की शिकायतें सुनकर समय से निस्तारित करती हैं। मौजूद महिलाओं-बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बरों बाबत पंपलेट बांटे। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया में प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की सलाह दी। जिले में गठित एंटी रोमियों स्क्वायड टीमों के बारे में बताया कि सादे वस्त्रों में प्राइवेट वाहनों से स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास जहां महिलाओं व बालिकाओं का आवागमन होता है, उन स्थानों पर शोहदो/मनचलों की हरकतें रोकने को जांच की जाती है।

# प्रशासन को कोसते हुए जाते हैं श्रद्धालु, स्टेशन रोड के अतिक्रमणकारी हैं निर्लज्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली पर्व पर अतिक्रमण की मार तीर्थक्षेत्र झेल रहा है। स्टेशन रोड पर दुकानों को फुटपाथ तक सजाकर आवागमन बाधित किया जा रहा है।

शनिवार को दीपावली मेले में श्रद्धालुओं का हुजूम रेलवे स्टेशनों पर उमड़ने लगा है। प्रतिदिन की भांति फुटपाथ पर फर्नीचर दुकानदारों ने दुकानें सजाकर अवैध ढंग से अतिक्रमण कर रखा है। ऐसे में ट्रेन से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं व राहगीरों को जाम का झाम झेलना पड़ रहा है। प्रशासनिक अमला स्टेशन रोड के अतिक्रमण को हटवाने में नाकाम



दिख रहा है। स्टेशन रोड के अतिक्रमणकारी इतने बेशर्म हैं कि बार-बार प्रशासन के आग्रह को नहीं मान रहे। इनके खिलाफ कडी कार्यवाही की सख्त जरूरत है। ये इतने बेशर्म हैं कि इन पर प्रशासन के अनुरोध का कोई असर नहीं पडता। ये इस कदर निर्लज्ज हैं कि जब तक प्रशासन का इन पर चाबुक नहीं चलेगा, तब तक ये बाज नहीं आने वाले। इनका अतिक्रमण बारहों महीना जारी रहता है। ये हर समय स्टेशन रोड पर अतिक्रमण किये रहते हैं। इनके खिलाफ जब तक कडी कार्यवाही नहीं होगी, तब तक ये अतिक्रमण करने से बाज नहीं आने वाले।

दीपावली मेले में अपार भीड उमडती है। अतिक्रमणकारियों की वजह से लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पडती है। अमावस्या मेले में दीपोत्सव में शामिल होने लोग आस्था से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उन्हें जब अतिक्रमण का सामना करना पडता है तो वे यहां से सुखद उम्मीद लेकर नहीं जाते। प्रशासन को कोसते हुए लोग आवागमन कर रहे हैं।

# आसमां से जमीं पर नजर आने लगे सितारे

### दुल्हन की तरह सजा चित्रकूट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम पत्नी सीता भाई लक्ष्मण समेत यहां आये थे। उन्होंने यहां 11 साल 11 माह 11 दिन बिताए थे।

चित्रकूट में इस बार मोदी-योगी के जगह-जगह बैनर के साथ रामधुन गायी जा रही है। चित्रकूट की परिधि में उप्र-मप्र समेत पूरे भारत से भारी तादाद में श्रद्धालु यहां आते हैं। योगी-मोदी की फोटो लगाकर उप्र में प्रचार हो रहा है, शासन-प्रशासन पूरी तरह से सहयोग कर रहा है। रामनाम धुन और संस्कृत के कार्यक्रमों के मंच मप्र सीमा पर लगाये हैं। राम ने माता सीता का श्रंगार अपने हाथों से किया था। भगवान शिव की आराधना व पृथ्वी



से आसुरी शक्तियों का नाश करने को तप किया था। चित्रकूट के लोगों में राम का सबसे ज्यादा स्नेह रहा है। वनवास खत्म होने पर अयोध्या पहुंचने से पहले राम चित्रकूट आए। पहले के लोगों ने भगवान राम के स्वागत में दीपमालिका सजाकर उनका स्वागत किया।

प्रभु राम ने रामघाट नदी में स्नान कर दर्शन के बाद अयोध्या लौट गये। चित्रकूट में साधु-संतों और कोल कि रात कई दिनों तक राम की विजय व वनवास खत्म होने का उत्सव मनाते रहे। यही वजह है कि आज भी लोगघर बार छोडकर मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर कामदगिरि की परिक्रमा का दीपदान कर मनचाहा वरदान पाकर जीवन से अंधेरे को दूर भगाते हैं।

त्रेता युग से चित्रकूट को दीपक जलाकर सजाया जाता रहा है। रामघाट को दुल्हन की तरह सजाया गया है। दीपों की रोशनी से मनोहारी दृश्य लोगों को अपनी ओर खींचता है।

## स्कूलों में बच्चों को मिठाई बांट दीपावली की दी बधाई



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्री मां सेवा संस्थान की प्रबंधक/विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति वाहिनी की जिला संयोजिका श्रीमती संजुला पाण्डेय ने सगवारा गांव के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को मिष्ठान्न-टाफी बांटी। बच्चों एवं शिक्षकों को दीपावली की शुभकामनायें दी।

शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति वाहिनी की जिला संयोजिका श्रीमती संजुला पाण्डेय ने दीपावली पर्व पर बच्चों को आशीर्वाद देते हुए संदेश दिया कि जन्मभूमि की सेवा करना सबका परम कर्तव्य है। सब लोग पढ- लिखकर अपना व गांव का नाम रोशन करें। भारत के मानचित्र में गांव दिखने लगे, ये प्रयास सबको करना है। आत्मकल्याण के साथ मातृभूमि की सेवा का भाव हृदय में रखना है। श्रीमती पाण्डेय ने नन्हे-मुन्ने बच्चों से बेहद लगाव रखते हुए मानती हैं कि बच्चे देश के कर्णधार हैं, समाज की बहुमूल्य धरोहर हैं। इनकी शिक्षा की व्यवस्था एवं परवरिश संवेदनशीलता से करना होगा। राष्ट्र निर्माण को बच्चों में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण आवश्यक है। सरकार के निपुण भारत मिशन की सराहना करते हुए कहा कि निपुण लक्ष्य शिक्षक कर रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ राजेश पाण्डेय, व्योम नाथ, लोकेन्द्र नाथ व गांव के लोग मौजूद रहे।

## दीपावली मेला में ड्रोन कैमरों से एसपी ने की निगरानी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर दीपावली अमावस्या मेला में सुरक्षा व्यवस्था एवं संदिग्धों की निगरानी को रामघाट, परिक्रमा मार्ग एवं विभिन्न पार्किंग स्थलों में ड्रोन कैमरे से मदद ली गयी।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने दीपावली व अमावस्या मेले को सम्पन्न कराने को ड्रोन कैमरों की मदद ली। ड्रोन कैमरों के जरिये संदिग्धों व अन्य अराजकतत्वों की निगरानी की। मेला में सूक्ष्म ढंग से भीड़ व सुरक्षा व्यवस्था तथा संदिग्धों का आंकलन किया। मेला ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की भी निगरानी की।

## अपहरण का वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा रविकान्त राय की टीम ने बलबा, मारपीट, जान से मारने की धमकी, अपहरण, घर में घुसकर छेडछाड के वारंटी मनीष यादव पुत्र रामदयाल यादव निवासी चकजाफर कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रविकान्त राय, सिपाही नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।



## मिट्टी न मिलने से दिये के दाम बढे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली पर्व पर मिट्टी के दिये से घरों को रोशन करने को कुम्हारों ने दिये बनाकर तैयार कर लिए हैं। बाजार में दिये इस बार काफी महंगे बिक रहे हैं। कुम्हारों ने बताया कि मिट्टी न मिलने से दिये के दाम बढाने पडे हैं। दीपावली पर मिट्टी के दिये जलाने की परंपरा है। मिट्टी के दियों से घर जगमग होने के साथ कुम्हार परिवारों के घर में भी दीपावली की रोशनी होगी। शंकर बाजार, कवीर्माफी, द्वारिकापुरी, नोनिया मोहाल समेत अन्य स्थानों पर मिट्टी के दिये बनाने का कार्य होता है। दिये बनाने वाले बदलू प्रजापति, जीवन व सुरेश ने बताया कि पिछले कुछ सालों से आधुनिकता के चलते दियों का स्थान बिजली की झालरों ने ले लिया है।



कई लोगों ने बताया कि शहर व गांव में भी जल्दी मिट्टी नहीं मिलती। इससे दिये बनाने में परेशानी हो रही है। कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट पैदा हो गया है। कई परिवार इस कार्य को कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। पिछले साल दिये 70 रुपए प्रति सैकड़ा था। इस बार 90 से लेकर 100 रुपये प्रति सैकड़ा है।

## दीपोत्सव मेले में सदगुरू सेवा दल करेगा काम : डॉ जैन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड के एक सैकड़ा से अधिक कार्यकताओं का सेवा दल बनाया गया, जो तीर्थक्षेत्र में दीपोत्सव मेला में जिला प्रशासन सतना व स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मेला में मदद करेंगे।

शनिवार को सेवा दल को गुरु पूजन बाद रवाना किया। सदगुरू सेवा दल को रवाना करने से पहले श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन ने



सेवा दल से कहा कि सब लोग अनुशासित रहकर दीपोत्सव मेले में आये श्रद्धालुओं को नर-नारायण भगवान के रूप में देखते हुए सेवा करेंगे। बड़े विनम्र भाव से बात कर उनकी समस्या का समाधान करेंगे। किसी प्रकार से उन्हें तकलीफ नहीं होने देंगे। सेवा भाव से दीपोत्सव मेले में आये श्रद्धालुओं की सेवा करेंगे। रवाना होने से पहले सदगुरू सेवा दल को शपथ दिलाई कि वे शपथ लेते हैं कि मेला ड्यूटी के समय सदगुरू सेवा संघ के आदर्शों अनुरूप काम करेंगे। मेले में आए श्रद्धालुओं को अतिथि देवो भवः मानकर सेवा करेंगे। तीर्थ यात्रियों को नर- नारायण की संज्ञा देंगे। प्रशासन के साथ मिलकर प्रशासन अनुरूप काम करेंगे। श्रद्धालुओं से शिष्टाचार पूर्ण बर्ताव करेंगे। दीपोत्सव मेले में आये श्रद्धालुओं से अशिष्ट भाषा-दुराचार से पेश नहीं आयेंगें। शपथ के बाद हरीझंडी दिखाकर मेला ड्यूटी को रवाना किया। इस मौके पर नगर पंचायत नयागांव के सीएमओ विशाल सिंह, नयागांव थानाध्यक्ष पंकज शुक्ला समेत सदगुरू परिवार के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

## अफगान शरणार्थियों के मुद्दे पर संयुक्त आयोग बनेः फजलुर रहमान

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पार्टी के नेता मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तान में रहने वाले अफगान शरणार्थियों के निर्वासन के लिए काबुल और इस्लामाबाद के बीच एक संयुक्त आयोग बनाने की मांग की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मौलाना का कहना है कि अफगान शरणार्थियों का मुद्दा द्विपक्षीय है। इस एकतरफा फैसले से इस्लामिक अमीरात और पाकिस्तान के बीच संबंधों को खतरा है।



## गाजा से बंधकों को छुड़ाने के लिए इस्राइल ने हमास से शुरू की बातचीत

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए एक महीने से ज्यादा समय हो चुका है। सात अक्तूबर को हमास की तरफ से किए गए हमलों में इस्राइल के 1200 नागरिकों की मौत हुई थी। उधर संगठन ने कई इस्राइलियों को बंधक भी बना लिया था। इसके पलटवार में गाजा पट्टी में अबतक 10 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, इस्राइल अब तक अपने लोगों को हमास की कैद से छुड़ाने में सफल नहीं हुआ है। इन हालात के चलते अब उसे हमास के साथ बातचीत की मेज पर आना पड़ा है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस्राइल की तरफ से हमास को कुछ प्रस्ताव दिए गए हैं, जिनके जरिए बंधकों की रिहाई कराने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि गाजा में इस्राइल के करीब 240 लोग हमास के पास बंधक हैं। इनमें से आधे लोग आम नागरिक हैं। बताया गया है कि इस्राइल की तरफ से हमास को बंधकों की रिहाई के लिए जो प्रस्ताव दिए गए हैं, उनमें पहला प्रस्ताव इन आम लोगों की रिहाई से ही जुड़ा है। इसके तहत हमास को पहले 10 से 20 आम नागरिकों को छोड़ना होगा। इनमें इस्राइली महिलाओं-बच्चों के अलावा कुछ विदेशी भी शामिल होंगे। बदले में इस्राइल कुछ देर के लिए गाजा में हमलों को रोक देगा।



## गाजा को लेकर इस्राइल के खिलाफ एकजुट हो रहे मुस्लिम देश, ईरानी राष्ट्रपति जाएंगे सऊदी अरब

**गाजा।** गाजा में इस्राइली हमलों के खिलाफ मुस्लिम देश एकजुट हो रहे हैं। बता दें कि सऊदी अरब के रियाद में गाजा के मुद्दे पर ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कॉपरेशन (ओआईसी) की बैठक होने जा रही है और इस बैठक में शामिल होने के लिए ईरान के राष्ट्रपति भी सऊदी अरब जाएंगे। कुछ समय पहले तक ईरान और सऊदी अरब के रिश्ते तल्ख थे लेकिन चीन की मध्यस्थता के बाद सऊदी अरब और ईरान के रिश्तों में गर्मजोशी बढ़ी है।

**ओआईसी की बैठक अहम**

ईरान के मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी शनिवार को रियाद के लिए उड़ान भरेंगे। ओआईसी की बैठक में गाजा संकट पर चर्चा की जाएगी। ओआईसी की इस बैठक को लेकर ईरान कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ईरान ने अपने विशेषज्ञों की एक टीम रियाद भेज दी है, जो सम्मेलन के दौरान जारी होने वाले प्रस्ताव का विश्लेषण करेगी। सऊदी अरब में ईरान के राजदूत अलीरेजा इनायती ने ओआईसी की इस बैठक को खास बताया और कहा कि यह बैठक विभिन्न इस्लामिक देशों द्वारा सुझाए गए प्रस्तावों पर आधारित होगी।

**इस्लामिक देशों की मांग- गाजा में तुरंत रुके लड़ाई**

इस्लामिक देशों की मांग है कि गाजा पट्टी में जारी संघर्ष तुरंत थमे और इस्राइल युद्धविराम करे। हालांकि इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू साफ कर चुके हैं कि जब तक हमास बंधकों को नहीं छोड़ता है तब तक युद्धविराम नहीं होगा। गाजा में जारी संघर्ष में अब तक साढ़े 12 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। अब गाजा पट्टी में जारी संघर्ष के मुद्दे पर इस्लामिक देश साथ आ रहे हैं। हाल ही में ईरान के राष्ट्रपति ने तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान से भी मुलाकात की थी।

## पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने सिख तीर्थयात्रियों को बताया देश का मेहमान

**लाहौर।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने सिख तीर्थयात्रियों को देश का मेहमान बताया है। ज्ञात रहे कि भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों से पाकिस्तान की यात्रा करने वाले सिखों की सुविधा के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने पोर्टल लॉन्च किया है। पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने सिख यात्रा बुकिंग पोर्टल को अभूतपूर्व धार्मिक पर्यटन कार्यक्रम की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में इस तरह का यह पहला मामला है।

पीएम काकर सिख तीर्थयात्रियों को प्रदान की जा रही वीजा सुविधाओं की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, काकर ने कहा कि अपने पवित्र स्थानों के दर्शन के लिए देश में आने वाले सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान में मेहमान हैं। मुख्यमंत्री नकवी ने कहा कि दुनिया भर के सिख तीर्थयात्री अब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होटल बुकिंग कर सकते हैं। पाकिस्तान आने वाले सिखों के पास अपनी यात्रा के दौरान वीआईपी दर्जे के अतिरिक्त विशेषाधिकार के साथ-साथ सुरक्षा सेवाएं किराए पर लेने और परिवहन की व्यवस्था का विकल्प होगा। सीएम नकवी ने पंजाब में धार्मिक पर्यटन को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित पर्यटन पुलिस



बल की स्थापना की भी घोषणा की। वहीं, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने सोमवार को अधिकारियों को देश में अपने धार्मिक त्योहारों में शामिल होने के इच्छुक सिख तीर्थयात्रियों को अधिकतम सुविधाएं देने का निर्देश दिया था।

## रूकुम पश्चिम में सौ से अधिक विद्यालयों के भवनों को भूकंप से नुकसान, 63 विद्यालय ध्वस्त

**काठमांडू।** नेपाल में 3 नवम्बर को आए भूकंप के कारण रूकुम पश्चिम जिले में 100 से अधिक विद्यालय भवनों को नुकसान हुआ है। इनमें 63 विद्यालय भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले करीब 19 छात्रों की मौत की भी खबर है।रूकुम पश्चिम जिले के शिक्षा विकास तथा समन्वय केन्द्र के सूचना अधिकारी डायमंड पुन ने बताया कि जिले में 63 विद्यालय ऐसे हैं, जिनका भवन भूकम्प के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। भूकम्प के बाद से जिले के सभी विद्यालय अब तक बन्द हैं। जिन विद्यालयों का भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है, उनमें अधिकतर सरकारी विद्यालय हैं। भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान जिले के आठबिसकोट नगरपालिका में हुआ है। यहां के स्कूलों की अधिकांश इमारतें ध्वस्त हो गई, जबकि कुछ आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आठबिसकोट के 33 विद्यालय भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गये जबकि 18 भवन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। सूचना अधिकारी द्वारा बताया गया है कि कुल 13 विद्यालयों का शौचालय भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि कुछ स्कूलों की दीवारें ढह गई हैं। भूकंप के कारण रुकुम पश्चिम जिले के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले 19 छात्रों की मौत हो गई है। मरने वाले छात्रों में किंडरगार्डन से लेकर 8वीं



क्लास तक के छात्र शामिल हैं। शिक्षा विकास एवं समन्वय इकाई रुकम पश्चिम के अनुसार आठबिसकोट के नवज्योति बेसिक स्कूल में कार्यरत कार्यालय सहायक अमृता जेसी की भी मृत्यु हो गई है।

## इजराइल की सेना का उत्तरी गाजा में हमास के गढ़ों पर नियंत्रण, 150 आतंकियों का सफाया

**तेल अवीव/यरुशलम।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा पट्टी पर छिड़े युद्ध के 36वें दिन आज (शनिवार) साफ किया है कि उसने उत्तरी गाजा में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के सभी गढ़ों पर नियंत्रण हासिल कर लिया। इस दौरान एयर स्ट्राइक कर गढ़ों में बनाई गई मजबूत सुरंगों को ध्वस्त कर उनमें छुपे हमास के 150 आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स में आईडीएफ के हवाले से कहा गया है कि 401वीं ब्रिगेड ने लगभग 150 आतंकवादियों का सफाया कर दिया है और उत्तरी गाजा में हमास के आतंकवादियों के सभी गढ़ों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। गाजा में रातभर लड़ाई जारी रही। आज सुबह गाजा सीमा पर



इजराइल के किबुत्ज में खतरे के सायरन बजे हैं। उधर, अमेरिका के न्यूयॉर्क में फिलिस्तीन समर्थकों ने इजराइल का झंडा जलाया है। गाजा के वर्तमान हालात से चिंतित अरब देशों ने सऊदी अरब के परामर्श के बाद आज संयुक्त अरब इस्लामी शिखर सम्मेलन आहूत किया है।

एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल की सेना ने गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा को चारों तरफ से घेर लिया है। यहां हमास के कुछ आतंकवादियों के छुपे होने की आशंका है। वह मरीजों को ढाल बनाकर गोलीबारी कर रहे हैं। इस अस्पताल के आसपास हमास और इजराइल की सेना के बीच रातभर गोलीबारी हुई है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस पर दखल देने की मांग की है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक साक्षात्कार में इजराइल से गाजा में बमबारी रोकने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि इसका मतलब यह नहीं कि फ्रांस किसी का पक्ष ले रहा है। फ्रांस शुरू से आतंकवाद विरोधी है। वह हमास की स्पष्ट रूप से निंदा करता है। इजरायल के खुद की रक्षा करने का अधिकार है।

## बाइडेन और जिनपिंग 15 नवंबर को मिलेंगे सैन फ्रांसिस्को में



**वाशिंगटन।** अब यह पक्का हो गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 15 नवंबर को मुलाकात होगी। यहां व्हाइट हाउस ने इसकी घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट्स में व्हाइट हाउस के हवाले से कहा गया है कि राष्ट्रपति बाइडेन बुधवार (15 नवंबर) को एक साल में पहली बार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से आमने-सामने मिलेंगे। इस मुलाकात को दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच तनाव को कम करने के उद्देश्य से उच्च-स्तरीय कूटनीति का हिस्सा माना जा रहा है। दोनों के बीच यह मुलाकात सैन फ्रांसिस्को के खाड़ी क्षेत्र में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन पर होनी है। इस मुलाकात में बीजिंग और वाशिंगटन के अधिकारियों के भी शामिल होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इससे पहले बाइडेन और जिनपिंग पिछले साल 13 नवंबर को इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले मिले थे।

## गाजा में भोजन और पानी का संकट गहराया

**यरुशलम।** गाजा पट्टी में पिछले महीने अक्टूबर की सात तारीख से जारी युद्ध के बीच रोटी का संकट गहरा गया है। खाद्य सामग्री लेने के लिए कतारों में खड़े लोगों में मारकाट मचने लगी है। नागरिकों को एक गैलन पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश मानवीय सहायता केंद्रों के बाहर लगी कतारों में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डेर अल-बलाह के केंद्रीय शहर में पांच बच्चों की मां सुजान वाहिदी को संयुक्त राष्ट्र के एक सहायता कार्यकर्ता से यह कहते सुना गया- मेरे बच्चे रो रहे हैं। वे भूखे और



थके हुए हैं। पानी नहीं है, इसलिए बाथरूम का उपयोग नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि हमास और इजराइल के बीच छिड़े युद्ध में गाजा में अब तक 10,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। उत्तरी गाजा से भागे हजारों लोग अब दक्षिणी गाजा में भोजन और दवा की कमी का सामना कर रहे हैं।

## अमेरिकी जनगणना ब्यूरो का अनुमान- विश्व की जनसंख्या आठ अरब के पार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जनगणना ब्यूरो का अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या आठ अरब से अधिक हो चुकी है। हालांकि यह सीमा 10 माह पहले 26 सितंबर 2022 को पार कर ली थी। वहीं विश्व जनसंख्या वृद्धि में धीमी गति की दीर्घकालिक प्रवृत्ति जारी है। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो ने क बयान में कहा है कि वैसे तो संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया था कि यह संख्या 10 महीने पहले पार हो गई थी और 22 नवंबर, 2022 को 'आठ अरब जनसंख्या का दिन' घोषित किया गया था। ब्यूरो के अनुसार यह विसंगति देशों द्वारा जनगणना की अलग-अलग पद्धति के कारण या बिल्कुल गणना नहीं



करने के कारण हो सकती है। इसके अनुसार, कई देशों में जन्म और मृत्यु दर्ज करने की प्रणाली का अभाव है। ब्यूरो के अनुसार, भारत और नाइजीरिया जैसे कुछ सबसे अधिक आबादी वाले देशों ने एक दशक से अधिक समय से जनगणना नहीं की है। विश्व जनसंख्या वृद्धि की दर 1960 और 2000 के बीच दोगुनी होने के बाद से धीमी हो गई है। कनाडा जैसे देशों में वृद्धावस्था मृत्यु दर में कमी आ रही है, जबकि नाइजीरिया जैसे देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में कमी देखी गई है।

## इजराइल-हमास युद्ध में 11000 फिलिस्तीनी नागरिकों के मारे जाने का स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया दावा

**खान यूनिस।** इजराइल हमास युद्ध में अबतक 11000 फिलिस्तीन नागरिकों की मौत हो चुकी है। यह दावा शुक्रवार को गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने की है। इजराइल ने गाजा के कई अस्पतालों को अपना निशाना बनाया। ज्ञात रहे कि इजराइली सेना गाजा के घने शहरी इलाके में घुस चुकी है, जिस वजह से हमास को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है। इजराइली

प्रमुख सलामा मारौफ ने बताया कि इजरायल ने शुक्रवार तड़के



शिफा प्रांगण और प्रसूति विभाग को निशाना बनाया। उन्होंने इस घटना से जुड़े एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें चीख-पुकार सुना जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए।इसी बीच, व्हाइट हाउस ने कहा कि गाजा में 'चार घंटे मानवीय युद्ध विराम' लागू होने से काफी संख्या में लोगों ने उत्तर की तरफ पलायन किया है। साथ ही लोगों के लिए दूसरा रास्ता खोलने पर भी सहमति बनी। हालांकि, फिलिस्तीनी क्षेत्रों के लिए संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ फ्रांसेस्का अल्बानीज ने इस विराम की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये विराम वैसा ही है, जैसे किसी युद्ध क्षेत्र में कुछ पलों के लिए सांस लेने के लिए छूट मिली हो। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने किसी समझौते की बात को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि हमास के खिलाफ लड़ाई जारी है, लेकिन एक निश्चित अवधि के लिए हमले रुके हैं, ताकि वहां से नागरिकों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम गाजा के लोगों को एक सुरक्षित रास्ता देना चाहते हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इजराइली हमले में अब तक 11,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने इस आंकड़े को झूठा बताया है। वहीं, हमास के हमले में 1400 से अधिक इजराइली नागरिकों की मौत हुई हैं और 30 से अधिक सैनिक युद्ध क्षेत्र में मारे गए हैं।

## कनाडा के एडमोंटन में एक सिख व्यक्ति और उसके बेटे की गोली मारकर हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के एडमोंटन शहर में भारतीय मूल के एक सिख व्यक्ति और उसके 11 वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एडमोंटन पुलिस सेवा के कार्यवाहक अधीक्षक कोलिन डर्कसेन ने मीडिया को बताया कि हरप्रीत सिंह उप्पल (41) और उनके बेटे की गुरुवार दोपहर एक गैस स्टेशन के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। लड़के का युवा दोस्त, जो उस समय उप्पल की कार में था, बिना किसी शारीरिक चोट के बच गया। डेर्कसेन ने कहा कि पुलिस को नहीं पता कि हमलावर को पता था कि जब उन्होंने उप्पल का पीछा करना शुरू किया तो कार में बच्चे थे या नहीं। पुलिस के अनुसार यह मामला गैंगवार से जुड़ा है। एडमोंटन जर्नल ने डर्कसेन के हवाले से कहा, लेकिन दुख की बात है कि जब शूटर या शूटरों को पता चला कि उनका बेटा वहां है, तो उन्होंने




जानबूझकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को मारना कभी ÷रेत में एक रेखा÷ की तरह हुआ करता था, जिसे गैंगवार के सदस्य पहले पार नहीं करते थे लेकिन अब यह बदल रहा है। डर्कसेन ने कहा यह बीमार और विकृत मानसिकता है। पुलिस ने शव परीक्षण लंबित रहने के कारण बच्चे के नाम का खुलासा नहीं किया है। डर्कसेन ने कहा कि 2012 में चोरी हुई एक संदेहास्पद बीएमडब्ल्यू एक्स6 कार ब्यूमोंट के उत्तर में आग लगी हुई स्थिति में मिली वाहन के अंदर किसी का पता नहीं चला और आग लगने के कारण या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। शुक्रवार सुबह तक, पुलिस ने कोई गिरफ्तारी नहीं की थी और किसी भी संदिग्ध की पहचान नहीं की थी। रिपोर्ट के अनुसार डर्कसेन ने कहा कि उप्पल एडमोंटन के संगठित अपराध जगत में एक ÷जाना माना नाम÷ था, लेकिन पुलिस ने यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या वह किसी विशिष्ट समूह से जुड़ा था। पुलिस के अनुसार उप्पल पर कोकीन रखने और मानव तस्करी जैसे आरोप थे। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उप्पल के खिलाफ एक ट्रायल अप्रैल 2024 में शुरू होने वाला था। उन पर मार्च 2021 में हथियार से हमला करने और आग्नेयास्त्र अनधिकृत रूप से रखने का भी आरोप लगाया गया था। क्राउन ने फरवरी में उस कार्यवाही पर रोक लगा दी।

## 'सभी फलस्तीनियों को मर जाना चाहिए', फ्लोरिडा की असेंबली में रिपब्लिकन नेता के बयान पर हुआ हंगामा

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की असेंबली में उस वक्त हंगामा हो गया, जब रिपब्लिकन पार्टी की एक नेता ने कहा कि सभी फलस्तीनियों को मर जाना चाहिए। इसे लेकर हंगामा हो गया और कई लोगों ने रिपब्लिकन नेता के इस बयान की तीखी आलोचना की है। दरअसल फ्लोरिडा असेंबली में हाल ही में डेमोक्रेटिक नेता एंजी निक्सॉन ने एक प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम की मांग की गई थी।

**बयान पर अमेरिका में हुआ हंगामा**

प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान निक्सॉन ने कहा कि 10 हजार फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है और कितने लोगों की जान जाना काफी होगा? इस पर रिपब्लिकन पार्टी की नेता मिशेल साल्जमान ने चिल्लाकर कहा, सभी की। इस पर निक्सॉन ने हैरानी जताई। निक्सॉन द्वारा लाया गया यह प्रस्ताव 104 के मुकाबले दो वोट के अंतर से गिर गया। हालांकि साल्जमान के बयान ने मुद्दे को गरमा दिया। अमेरिका में मुस्लिम अधिकारों की वकालत करने वाले सबसे बड़े संगठन द काउंसिल ऑन अमेरिकन इस्लामिक रिलेशन ने साल्जमान के बयान की तीखी आलोचना की। संगठन ने कहा कि रिपब्लिकन नेता का बयान फलस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार का आह्वान करने जैसा है। बता दें कि इस्राइल हमास की लड़ाई में अब तक करीब साढ़े 12 हजार लोगों की जान जा चुकी है। बीती 7 अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल की सीमा में घुसकर 1400 लोगों की हत्या कर दी थी और 200 से ज्यादा लोगों को अगवा कर लिया था। इसके जवाब में इस्राइल गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर हमले कर रहा है, जिसमें अब तक 11 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। हाल में फलस्तीनी मूल की अमेरिकी सांसद राशिदा तलैब ने इस्राइल की तबाही की बात कही थी और इस्राइल पर हमास के हमले को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया था। तलैब के बयान के बाद भी खूब हंगामा हुआ था और लोगों ने इसे यहूदी विरोध के रूप में लिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।